याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरबी माथुर ने बताया कि याचिकाकर्ता का सीबीएसई ने निरीक्षण कर कुछ कमियां बताते हुए एक साल के लिए मान्यता समाप्त कर दी और स्कूल को सीनियर सैकण्डरी से सैकण्डरी में बदल दिया। अदालत के आदेश पर पेश अभ्यावेदन पर भी राहत नहीं दी गई। जबकि समान मामले में एक स्कूल पर पांच लाख का हर्जाना लगाते हुए कमियां दूर करने की छूट दी गई।

सी.बी.एस.ई. की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने नियमों की अवहेलना की थी। वहीं स्कूल में डमी छात्र, रिकॉर्ड में हेराफेरी सहित तय अनुपात में शिक्षक आदि भी नहीं थे।

## प्रोफेसर नरेश दाधीच की पुस्तक का लोकार्पण कल

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पीस फाउण्डेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर नरेश दाधीच की सद्यः प्रकाशित पुस्तक "महात्मा गांधी: एक अत्यन्त संक्षिप्त परिचय" का लोकार्पण समारोह 20 सितम्बर को सुबह 11:30 बजे कॉन्स्टि्यूशन क्लब जयपुर में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि ए.आई.सी.सी. महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि पत्रकार नीरजा चौधरी रहेंगी।

## 'आदेश की पालना के लिए क्या किया'

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर के उच्चैन पंचायत समिति के प्रधान से जुड़े मामले में पंचायती राज विभाग के एसीएस और आयुक्त से शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि मामले में दिए अदालती आदेश की पालना के लिए उनकी ओर से क्या प्रयास किए गए। अधिकारी अपने स्पष्टीकरण में प्रकरण को लेकर अदालती आदेश की खंडपीठ या सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की कार्रवाई का भी विवरण दें। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश हिमांशु की अवमानना याचिका पर दिए।

# पी.एम. स्वनिधि योजना की अवधि मार्च-2030 तक बढ़ी : रवि जैन

## शहरी सेवा शिविर 2025 में लोक कल्याण मेला के माध्यम से 50 हजार लंबित आवेदनों का होगा निस्तारण

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की गहन समीक्षा की गई। निदेशालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के महाप्रबंधक एवं सभी सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रीय बैंकों के राज्य प्रमुखों ने भाग लिया।

जैन ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को पुनर्गठित कर इसकी अवधि मार्च 2030 तक बढ़ा दी गई है। केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी नगरीय निकायों में लोक कल्याण मेला आयोजित किया जाएगा, जिसे वर्तमान में चल रहे शहरी सेवा शिविर 2025 में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के दौरान लगभग 50 हजार लंबित आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा, साथ ही नए आवेदनों का भी त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में रवि जैन ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को निर्देशित किया कि सभी बैंकों द्वारा लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए बैंक-वार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इसके शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, परियोजना निदेशक एल.एल. पहाड़िया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक हुई।

## सीकर पुलिस पर कुल्हाड़ी डंडों से हमला

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित खोखरिया गांव में सीकर पुलिस पर मंगलवार की रात को हमला हुआ। धोखाधड़ी के प्रकरण में जांच एवं नोटिस देने पहुंची सीकर पुलिस थाने के एएसआई और दो सिपाहियों पर बाप- बेटों ने मिलकर कुल्हाड़ी और डण्डों से सामूहिक हमला किया। एएसआई के सिर पर गंभीर चोट लगी है। दोनों सिपाही भी घायल है। जिनका एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर बाप और तीन बेटों को हत्या प्रयास, राजकार्य में बाधा आदि धाराओं में केस दर्ज किया है।

बनाड़ थानाधिकारी गंगाराम ने बताया कि सीकर के उद्योग नगर थाने के एएसआई रंगलाल मीणा, सिपाही राजेश सहित पांच लोग मंगलवार की रात को जोधपुर खोखरिया गांव में नरपतराम के खिलाफ धोखाधड़ी प्रकरण को लेकर नोटिस देने पहुंचे थे। यहां पहुंचने से पहले स्थानीय पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। आरोपी पक्ष और सीकर पुलिस में पहले ही वार्तालाप हो रखा था और आरोपी पक्ष ने उन्हें यहां बुला लिया।

इस पर एएसआई रंगलाल निजी गाड़ी कर पार्टी के साथ यहां दो सिपाहियों को लेकर पहुंचे। यहां खोखरियां बसंत विहार में आरोपी नरपतराम माली उसके बेटों राजू, जितेंद्र, महेंद्र आदि ने मिलकर लाठियों, डण्डों एवं कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया।

# बीकानेर के सोलर प्लांट विवाद में खूनी संघर्ष

### लाठियां लेकर गाडियों में भरकर आए लोग, स्थानियों को रोजगार नहीं देने पर 2 पक्ष भिड़े

- झगड़े का वीडियो भी सामने आया है, जिसमे दिखा कि लोग गाड़ियों में भर कर आए थे
- झगड़ा इतना बढ़ा कि कुछ ग्रामीण लहूलुहान हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए परस्पर एफआईआर दर्ज करवा दी है

बीकानेर। यहां छत्तरगढ़ थाना क्षेत्र में सोलर प्लांट पर स्थानीय लोगों को काम नहीं देने के मामले में दो पक्ष आमने–सामने हो गए।

झगड़ा इतना बढ़ा कि कुछ ग्रामीण लहूलुहान हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए परस्पर एफआईआर दर्ज करवा दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें नजर आ रहा है कि गाड़ियों में भरकर लोग पहुंचे। इस दौरान उनके हाथों में लाठियां भी नजर आ रही है। वहीं कुछ लोग खून से लथपथ दिख रहे है। बीकानेर के छत्तरगढ़ थाना इलाके में केला ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थापित सोलर प्लांट पर गाड़ियों में भरकर लोगों पक्षों के लोग पहुंचे। इस दौरान उनके हाथों में लाठियां थी।

दोनों पक्षों में स्थानीय लोगों को सोलर प्लांट में रोजगार देने की बात को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। जिससे सिर फूटने, चोटिल होने से लोग लहूलुहान हो गए।

दरअसल, केला ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थापित सोलर प्लांट में स्थानीय लोगों के बीच रोजगार को लेकर विवाद हो गया। लंबे समय से लोग सोलर प्लांट में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग कर रहे थे। जो पहले से काम कर रहे थे, उनके साथ विवाद भी था।

इसी को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने हो गए और झगड़ा हो गया। इस दौरान एक दूसरे पर हमला कर दिया। जमकर धक्का-मुक्की और लकड़ी–लाठी से वार के चलते कुछ लोगों के सिर फूट गए और चोटें आईं। जिससे घायल लोग खून से लथपथ हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट प्रशासन बाहरी लोगों को रोजगार दे रहा है, जबकि गांव के युवाओं को बेरोजगार छोड़ रखा है।

वहीं, प्लांट प्रबंधन का कहना है कि चयन प्रक्रिया योग्यता के आधार पर की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। मामले में श्रीडूंगरगढ़ के सेरुणा गांव के अशोक नाथ ने 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

आरोप है कि इन लोगों ने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की। इसमें कालू मोहम्मद, निहाल खान, अली शेर, सुमेर खान, कुर्बान खान, अरशद, राजू, बरकत, मोहम्मद अली, लियाकत खान, शरीफ खान, मेलू खान, मोहम्मद बख्श, कालू खान, जाकब खान, आशिक खान, अजुब खान और मसे खान पर मारपीट का आरोप लगाया है। उधर दूसरे पक्ष के छत्तरगढ़ निवासी लियाकत अली ने मामला दर्ज करवाकर आरोप लगाया है कि प्रेम नाथ, महेंद्र नाथ, सोमनाथ, लक्ष्मण नाथ, कुंभ नाथ, गोरख नाथ, राजू नाथ और सार नाथ ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## हथियार रखने के आरोपी को दो साल की सजा

जोधपुर, (कासं)। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस मधुसूदन मिश्रा ने अफीम रखने के मामले में एक आरोपी को दो साल की कैद और बीस हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है।

लोक अभियोजक गोविन्द जोशी ने अदालत को बताया कि 16 जनवरी 2011 को लूणी थानाधिकारी नितिन दवे ने इत्तला के आधार पर आरोपी रामनिवास उर्फ भुट्टा के यहां दबिश दी व घर से निकलते मारूति कार देखी, जिसमें दो व्यक्ति रामनिवास व हनुमानराम सवार थे। तलाशी लेने पर रामनिवास की पहनी पेन्ट में एक धारदार चाकू व अन्य सामान मिले।

वहीं दूसरे मुल्जिम हनुमानराम की तलाशी में एक देशी कट्टा व नौ कारतूस और पोलिथीन थेली में अफीम मिला जो पचास ग्राम था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायधीश मधुसूदन मिश्रा ने रामनिवास की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरूद्ध कार्यवाही ड्रॉप कर दी और आरोपी गुड़ा विश्नोइयान गोदारों की ढाणी निवासी हनुमानराम को अफीम रखने के लिए एक साल व अवैध हथियार रखने के मामले में दो साल की सजा सुनाई और बीस हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया।

## पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने रेस्टोरेंट में की तोड़फोड़

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके में बुधवार देर रात्रि को कुछ बदमाश पिस्टल, लाठी, पाईप और डंडा लेकर स्टेशन क्षेत्र में स्थित एक नॉनवेज रेस्टोरेंट पर पहुंचे और रेस्टोरेंट में जमकर उत्पात मचाया। पूरा घटनाक्रम रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने रेस्टोरेंट के मालिक पर बंदूक तानी और रेस्टोरेंट में काफी तोड़फोड़ की, पूरे घटनाक्रम के पीछे पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। रेस्टोरेंट के मालिक ने भीमगंजमंडी थाने में हमले की शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि घटनाक्रम बुधवार रात्रि का है। स्टेशन स्थित नॉनवेज रेस्टोरेंट के मालिक अतीक ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि वह कुछ दोस्तों के साथ अपने रेस्टोरेंट में बैठा था तभी सलमान, गोलू, सद्दाम और सलमान सहित अन्य बदमाश उसकी दुकान में घुसे, इनके बीच आपसी कहासुनी हुई।


**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्र.: संक्षिप्त वि.सं.10/ परीक्षा/सहा.आचार्य (कॉलेज शिक्षा)/RPSC/EP-I/2025-26 दिनांक:18.09.2025

आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य (Assistant Professor) के विभिन्न 30 विषयों के कुल 574 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.07.2025 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 20.09.2025 से दिनांक 19.10.2025 रात्रि 12-00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा दिनांक 01.12.2025 से 24.12.2025 तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना :- परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन दिनांक 18.09.2025 एवं समाविष्ट सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन / सूचना / स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.- 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर से सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/___/2025 (रामनिवास मेहता) सचिव



**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक-18.09.2025

आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य के विभिन्न 30 विषयों के कुल 575 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 24/2024-25 दिनांक 13.12.2024 जारी किया गया जिसके तहत One Time Registration (OTR) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये एवं अभ्यर्थियों से अन्य कोई आवेदन शुल्क प्राप्त नहीं किया गया था। उक्त भर्ती के विभाग से विषयवार वर्गीकरण हेतु शुद्धि पत्र संख्या 18/2024-25 दिनांक 10.01.2025 जारी करते हुए कुल पदों की संख्या 574 दर्शायी गयी थी।

कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 16.09.2025 द्वारा भर्ती से संबंधित सेवा नियम, 1986 में आवश्यक संशोधन किये जाने के फलस्वरूप सहायक आचार्य के पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन संख्या 24 / 2024-25 दिनांक 13.12.2024 को एतद् द्वारा प्रत्याहारित (Withdraw) किया जाता है।

DIPR/C/___/2025 (रामनिवास मेहता) सचिव


## रास्ता रोक कर बाइक सवार पर जानलेवा हमला

पावटा। मालेरा का जोहड़ा वाला रास्ता, किराडोद निवासी प्रकाश चंद यादव पुत्र रामसिंह यादव पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया है। घायल को पावटा उपजिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। जहां घायल के सिर में गंभीर चोट आई है। इस संबंध में घायल प्रकाश चंद यादव पुत्र रामसिंह यादव ने दो नामजद लोगों व एक अन्य के खिलाफ प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया व बताया कि प्रागपुरा में सुभाष चौक के सामने मेरी मेडिकल की दुकान है। बुधवार 17 सितंबर रात्रि करीब 9 बजे रोज की तरह बाइक से घर की तरफ जा रहा था। जैसे ही मैं बीच रास्ते मंगराला की ढाणी वाला रास्ता स्थित जीतू यादव के खेतों के पास पहुंचा तो तीन बाइक सवारों द्वारा बाइक से मेरा रास्ता रोककर सरिया, डंडे, तलवार से जान से मारने की नियत से मुझ पर हमला कर दिया।

जिस पर मेरे सिर में गंभीर चोट लगी व मैं बेहोश हो गया। हमलावर मुझे मृत समझकर भाग गए। इस हमले में मेरे सिर पर पहना हुआ हेलमेट भी चूर चूर हो गया। वहीं घटना की सूचना आस पास के लोगों व राहगीरों ने मेरे परिवार के लोगों को दी।

## दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम पुलिस टीम ने आकस्मिक चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए 27 किलो 690 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा सहित दो तस्करो को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने कार से मादक पदार्थ को जब्त करते हुए तलाशी के दौरान दो फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद की है। पुलिस टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए पंजाब निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की तस्करी एवं तस्करों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाये जा रहे है।


**नगर निगम जोधपुर-दक्षिण**

क्रमांकः- एफ.10 / EE-city /2025–26 / 5207 दिनांकः- 16.09.2025

**:: ई-निविदा सूचना ::**

**(UBN NO. DLB2526WLOB18468)**

नगर निगम जोधपुर–दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यों हेतु ऑनलाईन द्विस्तरीय बीड प्रणाली में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्तें आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.Rajasthan.gov.in//mcjs पर देखी जा सकती है।

महापौर नगर निगम जोधपुर–दक्षिण / आयुक्त नगर निगम जोधपुर–दक्षिण

राज.संवाद / सी / 25 / 10387



**Municipal Corporation Jodhpur (North)**

Nagar Nigam Bhawan, Polytechnic college campus, Residency Road, Jodhpur-342004
Phone No:- 0291-2651464 Fax-0291-2651464 ID :- nnjnorth@gmail.com

Sr. No. - 2763-2767 Date - 17.09.2025

**NOTICE INVITING BIDS**

**(UBN Number DLB2526WSOB18572)**

Online bids are invited electronically on behalf of the Municipal Corporation Jodhpur North for the work "**Cleaning of Gulab Sagar, Fateh Sagar and others in Jodhpur using mechanized cleaning solution**", from enlisted / eligible bidders of appropriate class of the department/ organization, latest up to 3 PM on 29.09.2025.

The complete Bidding Document may be seen or downloaded from the website of State Public Procurement Portal **http://sppp.rajasthan.gov.in** or e-procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in** or the official website **http://lsg.rajasthan.gov.in/mcjn**

Commissioner

Raj.Samwad/C/25/10385 Municipal Corporation Jodhpur (North)



**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**

Email ID - eepheddn1bkn@gmail.com, Contact No. 0151-2941473

No.-1799 to 1819 Date: 15-9-25

**Notice Inviting Bid : 61-66/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 26.09.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 143.98 Lacs. UBN No. PHE2526WSRC06535, PHE2526WSRC06536, PHE2526WSRC06538, PHE2526WSRC06539, PHE2526WSRC06540, PHE2526WSRC06541

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(Dharmendra Kumawat)
Executive Engineer PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/13480/2025



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DN. VALLABHNAGR**

No. :- 759 Dated: 08.09.2025

**Notice Invision Bid No. 09/2025-26**

**NIB No.: PWD2526A3158**

Bids for Various works are invited from interested bidders upto 16.09.2025 9.00 AM to 25.09.2025 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 4 Works is Rs. 208.92 Lacs.

**UBN No :- 1. PWD2526WSOB11807, 2. PWD2526WSOB11808 3. PWD2526WSOB11809, 4. PWD2526WSOB11810**

Executive Engineer
P.W.D. Dn. Vallabhnagar

DIPR/C/13432/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमांक-1727 **Notice Inviting Bid-30-36/2025-26** दिनांक-11/09/2025

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 23.09.2025 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 199.81 lacs.

**NIT No. 30-UBN No. PHE2526WSOB06451, NIT No. 31-UBN No. PHE2526WSOB06452, NIT No. 32-UBN No. PHE2526WSOB06453, NIT No. 33-UBN No. PHE2526WSOB06454, NIT No. 34-UBN No. PHE2526WSOB06460, NIT No. 35-UBN No. PHE2526WSOB06461, NIT No. 36-UBN No. PHE2526WSOB06462,**

(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता,

DIPR/C/13375/2025 जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DN. VALLABHNAGR**

No.:-767 Dated: 10.09.2025

**Notice Invision Bid No. 10/2025-26**

**NIB No.: PWD2526A3200**

Bids for Various works are invited from interested bidders upto 12.09.2025 9.00 AM to 22.09.2025 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 7 Works is Rs. 390.63 Lacs.

UBN No - 1. PWD2526WSOB11969, 2. PWD2526WSOB11970, 3. PWD2526WSOB11971 4. PWD2526WSOB11972, 5. PWD2526WSOB11973, 6. PWD2526WSOB11974 5. PWD2526WSOB11976

(Achal Gupta)
Executive Engineer
P.W.D. Dn. Vallabhnagar

DIPR/C/13581/2025



**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक :– न.नि.भ. / विद्युत / 2025–26 / 10928 दिनांक :– 09.09.2025

**ई–निविदा सूचना–**

नगर निगम, भरतपुर द्वारा विद्युत सम्बन्धित 1 कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 166.65 लाख रू0 है, कराये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि के अनुमानित लागत पर संवेदक द्वारा (2%/0.5%) राशि पृथक–पृथक रूप से खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराना होगा। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN Number:- DLB2526WSOB17285

अधिशाषी अभियंता (विद्युत) नगर निगम, भरतपुर

राज.संवाद / सी / 25 / 10381


## लूटपाट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने चाकू की नोक पर रेलवे कर्मचारी से लूटपाट करने के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 15 सितम्बर को फरियादी चंद्रमोहन ने रेलवे कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि वह रेलवे में लोको पायलेट के पद पर कार्यरत है। फरियादी ने कहा कि 10 सितम्बर को मेवाड़ एक्सप्रेस लेकर कोटा पहुंचा था, रात्रि के समय ड्यूटी ऑफ करके मोटरसाईकिल से घर की तरफ जाते समय रेलवे कॉलोनी इलाके के केनाल रोड नहर पर राजपूताना होटल से पहले दो बाईक लेकर खड़े 5 जनों ने उसे रोककर हाथापाई की और चाकू की नोंक पर ड्यूटी का बैग छीनकर फरार हो गये, बैग में रेलवे का कई सामान था। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये शहर



चाकू की नोक पर रेलवे कर्मचारी से लूटपाट करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा।

पुलिस उप अधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने अथक मेहनत एवं मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 4 आरोपी डडवाडा निवासी कृष्णा प्रजापत (18), चौपड़ा फार्म निवासी अमन मेहरा (26), इन्द्रा कॉलोनी माला रोड निवासी आशीष नायक (19) एवं पूनम कॉलोनी निवासी सन्नी पासी (26) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकारा है।

## अंडरपास की सर्विस रोड क्षतिग्रस्त

हनुमानगढ़। यहा हनुमानगढ़ में श्रीगंगानगर रेल फाटक पर बने अंडरपास की सर्विस रोड अत्यधिक बारिश के कारण कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। गुरुवार को शहर के नागरिकों ने मौके पर पहुंचकर अंडरपास के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

नागरिकों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा 25 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस अंडरपास के पास बारिश के बाद गहरा गड्ढा हो गया है। कचरा हटाने पर गड्ढा काफी गहरा पाया गया। अंडरपास की दीवार और पास के मंदिर की दीवार में भी दरारें आ गई हैं।

विकास झोरड़ ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी पोल अब खुल रही है।नागरिकों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी को पहले भी इन दरारों और गड्ढों की जानकारी थी, लेकिन विभाग ने केवल लीपापोती कर दी थी।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

क्रमांकः– काईन हाउस / 2025–26 / 02 दिनांकः—17.09.2025

**ई–निविदा सूचना संख्या 02/2025–26**

नगर निगम उदयपुर के काईन हाउस एवं नन्दी शाला में निराश्रित गौवंश को चारा (हरा,सूखा,खाखला,कुट्टी,रजका) सप्लाई करना एवं खिलाना, गौवंश के लिए पानी की व्यवस्था करना, काईन हाउस का सम्पूर्ण रख–रखाव,एवं सफाई करना, गौवंश का प्राथमिक उपचार करना इत्यादि के कार्य हेतु ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा दिनांक 18.09.2025 से दिनांक 29.09.2025 तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 01.10.2025 को खोली जायेगी। कार्य की प्री–बीड मिटिंग दिनांक 23.09.2025 को निगम में प्रातः 11.00 बजे आयोजित की गई है। कार्य की अनुमानित लागत एक वर्ष हेतु 240.00 लाख रु है। बीड से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN :- UNP2526WSOB00087

आयुक्त नगर निगम उदयपुर

राज.संवाद / सी / 25 / 10383



**राजस्थान सरकार**
**शिक्षा विभाग**

**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक करौली (राज.)**

केशवपुरा पुलिया मण्डरायल रोड करौली, E-Mail:- adpcsamsakarauli@gmail.com

क्रमांक-एडीपीसी/समसा शिक्षा/करौली / 2025-26/277 दिनांक-12.09.25

**ई-निविदा सूचना संख्या 01 (सिविल) / 2025-26**
**(राजकीय विद्यालय/आंगनबाडी में मरम्मत कार्यों हेतु)**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धराजकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से बजट घोषणा 2025-26, एवं पी.एम.श्री. वर्ष 2024-25 योजनान्तर्गत स्वीकृत 01 राजकीय विद्यालय एवं 40 आंगनबाडियों में मरम्मत कार्यों हेतु राशि रु 60.64 लाख (प्रति कार्य की राशि रुपये 0.98 लाख से 1.97 लाख के मध्य) बावत् कार्यादेश ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाएं 15/09/2025 प्रातः 10:00 बजे से 22/09/2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

यू.बी.एन. नं RSE2526WSRC00795

(सर्वेश कुमार गुप्ता) अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा करौली

DIPR/C/13686/2025



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. MANGROL**

File No. 838 Date:- 08.09.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for "BA-17.00/214.01/2025-26 Per Constituency Rs. 10.00 /15.00 Cr. NP/ML Road Work, SR to Road Work, Existing Type-III Residential Accommodation For Conversion Into Type-II & Const. of New Toilet Block Work" NIT No. 10/2025-26 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 24.09.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 126.25 lacs.

**UBN No.-1. PWD2526WSOB11707, 2. PWD2526WSOB11708 3. PWD2526WSOB11709, 4. PWD2526WSOB11710, 5. PWD2526WSOB11711**

(Laxmi Narayan Meena)
Executive Engineer
PWD Division Mangrol

DIPR/C/13368/2025


## लिव इन में रहने वाले युगल ने सुसाइड की

जोधपुर, (कासं)। शहर के माता का थान स्थित मंदिर वाला बेरा क्षेत्र में लिव इन में रहने वाले एक युगल ने किराए के कमरे में सामूहिक रूप से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा और मर्जी से जान देने की बात की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को फंदे से उतरवाने के बाद अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द किए गए। घटना रात की है।

माता का थान पुलिस थानाधिकारी मानाराम ने बताया कि मंदिर वाला बेरा क्षेत्र में प्रेम सांखला का मकान आया है। जहां पर 42 वर्षीय मोहन सोनी पुत्र राधाकृष्ण सोनी और उम्मेद चौक की रहने वाली अनुराधा पुत्री गुमानसिंह यहां प्रेम सांखला के मकान में लिव इन में रह रहे थे। इनके द्वारा लिव इन में रहने के कोर्ट दस्तावेज भी बना रखे थे। रात में पुलिस को सूचना मिली कि उनका कमरा बंद है और कोई दरवाजा भी नहीं खोल रहा है। इस पर थानाधिकारी मानाराम आदि वहां पहुंचे।

थानाधिकारी मानाराम के अनुसार दोनों के शव एक ही पंखे के हुक में साड़ी पर लटके मिले। कमरे में सुसाइड नोट मिला जिस पर मर्जी से जान देने और किसी को परेशान नहीं किए जाने की बात की। मृतक मोहन सोनी सवारी टैक्सी चलाता था।

अनुराधा पूर्व में शादीशुदा थी। मामले को लेकर मृतक के भांजे मेड़ता सिटी खाखडकी निवासी दिलीप पुत्र नैनाराम सोनी ने मर्ग की रिपोर्ट दी है। शवों को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ओ.एफ.डी. खण्ड प्रथम, सि.क्षे.वि., इं.गा.न.प., बीकानेर**

क्रमांकः 2915-2930 दिनांकः 08-09-2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 08 वर्ष 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से Construction of Pucca Water Course in IGNP Stage-1 in Suratgarh Assembly Chak 3 LC-B, 3 JSD-B & IGNP Stage-I in Khajuwala Assembly 5 NGM की अनुमानित लागत क्रमशः 56.69, 142.03, 68.40 लाख है, के कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक 12.09.2025 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 26.09.2025 को सायं 06.00 बजे तक होगी। प्राप्त तकनीकी निविदाएं इलेक्ट्रोनिक फॉर्मेट में www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 29.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in व https://cad.rajasthan.gov.in डीआईपीआर की वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**1. UBN NO. CDB2526WSOB00130, 2. UBN NO. CDB2526WSOB00131 3. UBN NO. CDB2526INSOB00132**

अधिशाषी अभियन्ता, ओएफडी खण्ड प्रथम, सिक्षेवि, इंगानप, बीकानेर, मोबाईल-9414603873

DIPR/C/13410/2025


# हवाई सफर का आनन्द ले रहे हैं बच्चों के चेहरे पर मुस्कान

भीलवाड़ा। पहली बार हवाई सफर का आनन्द ले रहे हैं बच्चों के चेहरे पर मुस्कान नजर आ रही थी। इसके पीछे इनकी मेहनत और इनके टीचर का प्रोत्साहन है। अस्मिता प्रजापत, नीलम जांगिड, राधा माली, तनु दरोगा, संतरा बलाई है जिन्होंने हवाई सफर करना तो दूर पहली बार हवाई जहाज को देखकर रोमांचित हो गए। दरअसल ये सभी वो बच्चे है जिन्होंने 90 अंक से अधिक हासिल किये है।

इनकी ओर से उपलब्धि हासिल करने पर रा उ मा वि नंदराय के टीचर अजय कुमार और कार्य वाहक प्रधानाचार्य शंकर लाल जाट की ओर हवाई सफर कराने का वादा किया गया था। जो अब पूरा कर दिया।

मेहनत का सबसे मीठा इनाम : यह सपना साकार हुआ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदराय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य शंकर लाल जाट और अध्यापक अजय कुमार की अनूठी सोच से। दोनों ने ठान लिया था - 90 से ऊपर अंक लाने वाले बच्चों को किताबों से बाहर की दुनिया दिखाई जाएगी।उनकी इस पहल ने गाँव के बच्चों के सपनों को उड़ान दी और मेहनत को नई पहचान।

जहाँ विश्वास ने दिया सुकून : यात्रा की शुरुआत सोमनाथ मंदिर से हुई। घंटियों की गूँज और लहरों की आवाज के बीच बच्चों ने पहली बार आध्यात्मिकता को महसूस किया। तनु ने धीमे से कहा - इतना शांत माहौल तो कभी नहीं देखा।

साहस की असली परिभाषा : दीव पहुँचकर जब युद्धपोत पर कदम रखा तो बच्चों की आँखें चौड़ी हो गईं। वीर शहीदों की कहानियाँ सुनकर राधा बोली - अब समझ आया कि देश की रक्षा करना कितना बड़ा काम है।

आधुनिक भारत की झलक : अहमदाबाद में जब वे साबरमती रिवरफ्रंट पर पहुँचे, तो नीलम ने मोबाइल से तस्वीर खींचते हुए कहा - गाँव की गलियों से यहाँ तक... यह सफर ही तो जिंदगी है। और जब अटल सेतु पर खड़े हुए, तो बच्चों को लगा कि भारत की इंजीनियरिंग ताकत को उन्होंने अपनी आँखों से देख लिया।

घर वापसी पर गर्व : तीन दिन बाद जब यह टोली वापस लौटी तो स्कूल में तालियों से गूँज उठा। हर कोई इन बच्चों को देखकर गर्व महसूस कर रहा था।गाँव के बुजुर्गों ने कहा - हमने तो कभी सोचा भी नहीं था कि हमारे गाँव के बच्चे जहाज़ में उड़ेंगे।



भीलवाड़ा के छह छात्रों ने पहली बार किया हवाई सफर।


**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी(ERCC/RCC 15)/2025/ई-12571

**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या- (ERCC/RCC 15)/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों / क्वारी लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क /अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 44 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी की वेबसाइट https://rajminorrccercc.enivida.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/13694/2025 (महेश माथुर) निदेशक



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक :- दिनांक :-

**संशोधन ई-निविदा सूचना संख्याः 05/2025-26**

इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना संख्या 05/2025-26, जो पत्र क्रमांक 1566-1577 दिनांक 14.08.2025 से जारी हुई है। जिसके प्रकाशन बाबत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1575 दिनांक 14.08.2025 के द्वारा डी.पी.आर. को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु भिजवाया गया है। जो डीआईपीआर के आदेश क्रमांक DIPR/C/11969/2025 दिनांक 21.08.2025 तथा एसपीपी पोर्टल पर एनआईबी कोड सं. PWD2526A2640 से प्रकाशित हुई है। उक्त निविदा का इस कार्यालय के पत्रांक 1722 दिनांक 26.08.2025 से संशोधित प्रकाशन RO No. 12801 दिनांक 04.09.2025 से हुआ है। जिसकी तिथियों में निम्नानुसार पुनः संशोधन किया जाता है।

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| फार्म मिलने/ जमा कराने की तारीख | दिनांक 19.08.2025 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 10.09.2025 को सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 19.08.2025 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 23.09.2025 को सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | दिनांक 11.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे | दिनांक 24.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे |

नोट- निविदा की शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

(के. के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/13497/2025

# अपहरण कर स्कार्पियो गाड़ी लूटने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने पीड़ित को छोड़ने के बदले में दस लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर स्कार्पियो की लूट करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है। जिनके पास से जयपुर शहर में हत्या, लूट,चोरी और अवैध हथियार रखने सहित कई मामले दर्ज है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने पीड़ित को छोड़ने के बदले में दस लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर स्कार्पियो की लूट करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश आसीन खान उर्फ यासीन निवासी भरतपुर हाल कालवाड जयपुर और राहुल मीणा निवासी कालवाड़ जयपुर को गिरफ्तार किया है।



**श्याम नगर थाना पुलिस ने अपहरण कर स्कार्पियो की लूट करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस जांच में सामने आया कि 26 अगस्त को पीडित तुषार राजावत निवासी फागी जयपुर को आरोपित राहुल मीणा ने स्कॉर्पियो लेकर बुलाया। जहां आसिन खान, रिकु मीणा और राकेश मीणा ने उसका अपहरण स्कॉर्पियो में बैठा लिया और बन्दूक की नोक पर दस लाख रुपये की फिरौती मांगी।

- **आरोपियों के खिलाफ जयपुर शहर में हत्या, लूट,चोरी और अवैध हथियार रखने सहित कई मामले दर्ज है।**

पैसे नहीं देने पर पीडित को कालवाड रोड की तरफ रोड किनारे रोड पर स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

# मठ-मंदिरों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर पुजारियों में आक्रोश



**एम.आई. रोड स्थित शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के बैनर तले प्रदेश भर से सैकड़ों मठ-मंदिरों के पुजारियों और महंतों ने धरना दिया।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान के ऐतिहासिक मठ-मंदिरों और उनसे जुड़ी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण तथा पुजारियों के उत्पीड़न के खिलाफ अब आवाज बुलंद हो रही है। इसी के चलते गुरुवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के बैनर तले प्रदेश भर से सैकड़ों मठ-मंदिरों से पहुंचे पुजारियों और महंतों ने विरोध-प्रदर्शन कर धरना दिया। राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ ने आरोप लगाया कि वर्षों से पुजारियों को न्याय से वंचित रखा गया है और सरकार व प्रशासन तमाम शिकायतों के बावजूद उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान सहाय ने कहा कि मठ-मंदिर न केवल पूजा स्थल हैं बल्कि संस्कृति, इतिहास और लोक आस्था के प्रतीक भी हैं। इसके बावजूद कई स्थानों पर मंदिर भूमि पर अवैध कब्जा, कॉलोनियां और व्यावसायिक निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। संघ का कहना है कि मंदिर पुजारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है, यहाँ तक कि कई मामलों में उन पर झूठे मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं। सभी सभी मठ-मंदिरों से जुड़े हुए पदाधिकारी ने मांग की गई है कि सभी मठ- मंदिरों की भूमि को अभिलेखों में सही दर्ज किया जाए।

- **शहीद स्मारक पर बैठे पुजारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

## सार-समाचार

### ग्रैंड फिनाले में विजेताओं का ऐलान



**जयपुर।** राजकुमार लोटा जयपुर के पहले विंटेज किंग और अन्ना अशोक विंटेज क्वीन चुनी गईं हैं। बुधवार को हुए "दिल से – फिर एक बार" संगीत प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में विजेताओं का ऐलान किया गया। पद्मश्री शाकिर अली, उस्ताद मोईनुद्दीन खान और बतूल बेगम ने विजेताओं को सैश, क्राउन, पुरस्कार और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में डॉ शरद निमावत पहले रनर अप और अरविंद अग्रवाल दूसरे रनर अप रहे। महिला वर्ग में मीनू ताहीन पहली और संगीता कपूर दूसरी रनर अप रहीं। सभी विजेताओं को उद्यमी अनिल बजाज की ओर से विशेष पुरस्कार दिए गए। इस संगीत प्रतियोगिता के निर्णायकों में दीपक महान, जावेद हुसैन और सरिता द्विवेदी शामिल थीं। शेष छह फाइनलिस्ट मन मोहन सिंह रावत, राजीव सक्सेना, ओम प्रकाश अग्रवाल, टी जी राजन, शशि परनामी और गिरिराज सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अनूठे मुकाबले में 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र के गायक कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन सुपर 60 क्लब की ओर से देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल के सहयोग से किया गया।फिनाले विद्याश्रम स्कूल परिसर स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ।

### 28 साथिनों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण



**जयपुर।** महिला अधिकारिता निदेशालय, राजस्थान द्वारा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीएफएआर) के सहयोग से 28 साथिनों और पर्यवेक्षकों के लिए पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। ये प्रतिभागी राजस्थान राज्य के अजमेर, भीलवाड़ा, बारां और नागौर जिलों से थे। यह प्रशिक्षण चार नियोजित प्रशिक्षण सत्रों में से पहला है, जो विशेष रूप से साथिनों और पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। महिला अधिकारिता निदेशालय की अतिरिक्त निदेशक सीमा शर्मा ने कहा की साथिनों और पर्यवेक्षकों का एक प्रशिक्षित कैडर तैयार किया जा रहा हैं, ताकि वे जेंडर-आधारित हिंसा की रोकथाम की दिशा में बदलाव ला सकें। इस व्यापक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य साथिनों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना करना है ताकि वे मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें और अपने समुदाय में जेंडर-आधारित हिंसा (जीबीवी) की रोकथाम की क्षमता को और सशक्त बना सके । प्रदीप कुमावत, उप सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) ने नालसा की नई योजनाओं और सेवाओं को समझाते हुए कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता की आसान पहुँच को नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ऐप के माध्यम से और मजबूत किया जा रहा है, जिससे जिन्हें जरूरत है उन्हें कानूनी सहायता आसानी से मिल सके। प्रशिक्षण के अंतिम दिन, साथिनों और पर्यवेक्षकों ने मिलकर एक व्यावहारिक एक-महीने की पायलट कार्ययोजना तैयार की, जिसमें उन विशिष्ट चरणों की रूपरेखा थी जिन्हें वे अपने नियमित कार्यों में क्रियान्वित करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर, सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### केन्द्रीय कारागृह जयपुर में मेडिकल कैम्प




**जयपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की ओर से केन्द्रीय कारागृह जयपुर में मेडिकल कैंप लगाया गया। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, मौसमी बिमारियों से संबंधित विशेषज्ञ आदि उपस्थित थे। कैम्प में लगभग 500 कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य जांच में कैदियों के आंख, कान, गला संबंधी मेडिकल टेस्ट किए गए और चिकित्सकों के परामर्श के आधार पर दवाइयां दी गई । इस दौरान जीव सेवा कल्याण समिति द्वारा कैदियों को दवाइयां और आंखों की जांच के आधार पर चश्मे भी वितरित किए गए। पल्लवी शर्मा, सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा कैदियों को आवश्यक स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है। मेडिकल कैंप के दौरान केंद्रीय कारागृह जयपुर के अधीक्षक प्रमोद सिंह, चिकित्सा विभाग से डॉ. सौरभ सेवरिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रदीप यादव, दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ सुलतान सिंह, ईएनटी उपस्थित रहे। इनके साथ ही डॉ आशा लता, डिप्टी डायरेक्टर, आर.आर.सी, एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज (सदस्य, विधिक चेतना समिति, जयपुर महानगर द्वितीय), जीव सेवा कल्याण समिति से राजकुमार केसवानी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय से नयनपाल सिंह तंवर आदि उपस्थित रहे।

### भव्य रामलीला महोत्सव 22 सितम्बर से

**जयपुर।** गुलाबी नगर जयपुर में रामलीला का समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्वरूप एक बार फिर भव्य आयोजन के रूप में सामने आ रहा है। श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति जयपुर द्वारा इस वर्ष 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की विशेष बात यह है कि 25 सितम्बर को भगवान श्रीराम की बारात चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन श्रीरामचन्द्रजी मंदिर से निकलेगी, जो छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी। जयपुरवासी बारात के स्वागत में शामिल होंगे। 2 अक्टूबर को 51 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। महोत्सव में रामायण आधारित स्वचालित झांकियां, चित्रकला प्रदर्शनी, मेहंदी कार्यक्रम, रामायण पात्र वेशभूषा प्रतियोगिता, ब्रह्मकुमारीज द्वारा नवदुर्गा झांकी, बच्चों के लिए झूले और खानपान की स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे। हर दिन साधु-संतों का समागम भी होगा जिससे आध्यात्मिक वातावरण में रामलीला मंचन का अनुभव और भी विशेष होगा। आयोजन की तैयारी के तहत समिति द्वारा विभिन्न मंदिरों और सामाजिक संगठनों में पोस्टर विमोचन व आमंत्रण का कार्य भी किया जा चुका है। रामलीला मंचन के लिए मथुरा से प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

### नशे के लिए वाहन चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर।** गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे की लत को पूरा करने के लिए दुपहिया वाहन (बाइक) चुराने वाले वाहन एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की एक दुपहिया वाहन (बाइक) बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर नासिर (29) निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से चोरा का दुपहिया वाहन (बाइक) जब्त की गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपित से अन्य वारदातों का खुलासा होने की आशंका जताई जा रही है।

## दुपहिया वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर राकेश सैनी निवासी बयाना जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराया गया एक दुपहिया वाहन (बाइक) भी जब्त की है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए वाहन चोरी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला व्यवसायी गिरफ्तार

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में एक महिला व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। कर्जा होने पर उसने उधारी चुकाने के लिए ठगी का प्लान बनाया था। मजबूरी बताकर नकली सोने को असली बताकर बेच नकदी उठा लिया। पुलिस गिरफ्तार महिला व्यवसायी से पूछताछ कर रही है।

एसएचओ दलबीर सिंह ने बताया कि नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपित महिला दीप्ति जैन (43) निवासी बजाज नगर को गिरफ्तार किया है। जो टोंक रोड पर वुमेंस हब के नाम से बुटीक का व्यवसाय करती है। व्यवसाय में काफी घाटा हो गया था और कर्जा होने पर उसने अपने परिचित सुनील जैन को ही ठगने का प्लान बताया। अपनी मजबूरी होने की बताकर 270 ग्राम सोने की 22 चेन खुद की खरीदशुदा बेचना बताया।




**श्याम नगर पुलिस ने नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में महिला व्यवसायी को गिरफ्तार किया।**

- **नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला व्यवसायी गिरफ्तार**
- **आरोपी महिला ने कर्जा होने पर उधारी चुकाने के लिए ठगी का प्लान बनाया था**

असली की जगह नकली सोने की चेन बेचकर 23.66 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित सुनील जैन के चेक करवाने पर सोने के नकली होने का पता चला। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाने में मामल दर्ज करवाया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित महिला व्यवसायी को पकडा।

## राजस्थान पुलिस को मिलेंगे 76 नए युवा अधिकारी

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में राजस्थान पुलिस सेवा के 55वें बैच के 76 प्रशिक्षुओं की 47 सप्ताह के कड़े प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। इस गौरवशाली समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एस. सेंगाथिर ने बताया कि प्रशिक्षु पुलिस की परंपरा अनुसार शपथ ग्रहण करेंगे, जिसके बाद वे अपने व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए विभिन्न जिलों में भेजे जाएंगे।

पासिंग आउट परेड की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मुख्यमंत्री महोदय सुबह 8:30 बजे सलामी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। सेंगाथिर ने बताया कि एक साल के इस कठिन प्रशिक्षण में प्रशिक्षु अधिकारियों को न केवल विभिन्न कानूनी विषयों में पारंगत किया गया।

## गहलोत की राजनीति झूठ और अफवाहों पर आधारित : राठौड़

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेता अशोक गहलोत के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि गहलोत की राजनीति झूठ और अफवाहों पर टिकी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत समाज में झूठ फैलाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं और आदिवासी समाज की आड़ में केवल अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता कर रहे हैं।

राठौड़ ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार ने ना तो मानगढ़ धाम और ना ही कालीबाई से जुड़े किसी भी पाठ को पाठ्यक्रम से हटाया है। उन्होंने बताया कि मानगढ़ धाम के पाठ्यक्रम कक्षा 4 से स्थानांतरित कर कक्षा 5 में और कालीबाई के इतिहास को कक्षा 7 में शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों की समझ के स्तर के अनुसार उन्हें इन महान व्यक्तित्वों की जानकारी दी जा सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज के गौरव और बलिदान को हमेशा सम्मान दिया है। मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देना, आदिवासी महापुरुषों को पाठ्यक्रम में शामिल करना और उनकी स्मृति में बड़े आयोजन करना भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

- **मदन राठौड़ ने कहा "मानगढ़ धाम और कालीबाई को पाठ्यक्रम से हटाने का सवाल ही नहीं, कांग्रेस फैला रही भ्रम"**

राठौड ने कहा कि कांग्रेस का आदिवासी समाज के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करना पुराना चरित्र रहा है। अब जब भाजपा सरकार वास्तव में उनके इतिहास और योगदान को सहेज रही है, तो कांग्रेस नेताओं को यह बात हज़म नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठ और फरेब को समझ चुकी है और अब बहकावे में आने वाली नहीं है।

## 'रिवाइज्ड जीएसटी से उद्यमियों को लाभ'

**जयपुर ।** आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं और अब व्यापार जगत भी इसमें अपवाद नहीं है। वित्तीय स्वतंत्रता और काम और जीवन संतुलन की चाह ने कई महिलाओं को उद्यिमता की ओर प्रेरित किया है। इसी दिशा में बिजनेस सर्कल इंडिया (बीसीआई), जयपुर चैप्टर महिलाओं के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभर रहा है, जो न केवल अवसर उपलब्ध कराता है बल्कि सही मार्गदर्शन और नेटवर्किंग का भी मंच देता है। बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इसी कडी में महिला उद्यिमयों और नए कारोबारियों को जानकारी देने के उद्देश्य से बीसीआई जयपुर ने एक विशेष सत्र रिवाइज्ड जीएसटी का इम्पैक्ट और उसके नए बेनिफिट्स का प्रभाव का आयोजन किया गया। असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट, राजस्थान सरकार, प्रीति जागरवाल ने संशोधित जीएसटी और उसके नए लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छोटे व्यापारियों, विशेषकर महिलाओं के लिए अब रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया और आसान हो गई है। कई आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर टैक्स दरों में कमी आई है, जिससे टिफिन सर्विस, बेकरी, हेल्थ वेलनेस और ऑनलाइन रिटेल जैसे छोटे व्यवसायों को सीधा लाभ मिलेगा।

# 3 साल तक सोशल मीडिया से दूरी रखने की शर्त पर मिली नवयुवक को जमानत

## विवाहिता के फोटो और वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में हाईकोर्ट का निर्णय

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट 23 साल की विवाहिता के फोटो और वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में 19 वर्षीय नवयुवक आरोपी को तीन साल तक सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करने की शर्त पर जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए शर्त लगाई है कि वह साक्ष्य से छेडछाड नहीं करेगा। इसके साथ ही पीडिता और उसके परिवार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क नहीं करेगा। वहीं आरोपी शपथ पत्र पेश करेगा कि उसके पास पीडिता या उसके परिवार के किसी सदस्य की कोई फोटो और वीडियो नहीं है और यदि है तो रिहाई से पहले उसे स्थायी रूप से नष्ट किया जाएगा। अदालत ने कहा कि आरोपी जमानत लेने के बाद पीडिता या उसके परिजनों से संबंधित कोई भी संदेश व्हाट्सएप या टेलीग्राम सहित अन्य किसी भी मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर शेयर नहीं करेगा। अदालत ने कहा यदि किस भी शर्त की अवहेलना हुई तो उसकी जमानत रद्द की जा सकती है।

- **अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए शर्त लगाई है कि वह साक्ष्य से छेडछाड नहीं करेगा। पीडिता और उसके परिवार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क नहीं करेगा।**

जमानत याचिका में अधिवक्ता गिरीश खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को मामले में झूठा फंसाया गया है। उसका आपराधिक इतिहास नहीं है और ना ही उसके भागने के अंदेशा है। इसके अलावा मामले में आरोप पत्र पेश होकर पीडिता के बयान दर्ज हो चुके हैं। याचिकाकर्ता पीडिता या उसके परिजनों से जुड़ा कोई भी वीडियो और फोटो पोस्ट नहीं करेगा। इसके अलावा स्वयं या काल्पनिक नाम से सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करेगा। उसे पहली जमानत याचिका पीड़िता के बयान दर्ज होने के बाद पेश करने की छूट देते हुए वापस लेने की अनुमति दी गई थी। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इंस्टाग्राम के फर्जी अकाउंट से 23 वर्षीय विवाहिता के वीडियो और फोटो अपलोड किए हैं। पीडिता ने गत 21 फरवरी को हिंडौन के सदर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। याचिकाकर्ता ने वैवाहिक संबंधों में खलल डालने की कोशिश की है। इसलिए उसे जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से खोह-नागोरियान थाने में गुरुवार को जनसुनवाई हुई। पुलिस कमिश्नर ने आमजन की समस्याओं को सुनकर तुरंत निस्तारण कर राहत पहुंचाई। जनसुनवाई में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समस्याओं के तुरंत समाधान पर आमजन के चेहरों पर खुशी नजर आई।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ की ओर से खोह नागोरियान थाने में दोपहर 3:30 बजे जनसुनवाई शुरू की गई। इसमें पुलिस थाना बस्सी, कानोता, तुंगा, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाज नगर, खोह-नागोरियान, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर और जामडोली क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत सॉल्व करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना रहा।

# अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली एक शातिर गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों ने जयपुर के आस पास कई जगह पर इस तरह की लूट की वारदात करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली गैंग के शातिर बदमाश राजू मीना (33) निवासी दत्तवास जिला टोक,लडडूराम मीना(28) निवासी लालसोट जिला दौसा, महेश प्रजापत निवासी शिवसिंह पुरा जिला दौसा और दिलखुश मीना निवासी लालसोट जिला दौसा को गिरफ्तार किया।



**कोटखावदा पुलिस न अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

वहीं इस मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित डीके चांदा उर्फ दिलराज मीना (22) निवासी लालसोट जिला दौसा की तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी भरत लाल महर 4 अप्रैल 2024 को पीसीआर जयपुर शहर से सूचना मिली कि कंवरपुरा के पास से मनीष चौधरी (30) पुत्र बदरीनारायण चौधरी निवासी कंवरपुरा पुलिस थाना कोटखावदा जिला जयपुर दक्षिण जो कि कृषि मंडी चाकसू में केजी यादव एंड कम्पनी में काम करता है। उसको एक बोलेरो गाड़ी में सवार पांच लड़कों ने अपहरण कर लिया।

मारपीट कर परिजनों से फोन पे पर रुपए डलवाए व मोबाइल फोन छीन कर के ले गए। इस पर थाना पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों की तलाश करते हुए धर-दबोचा है।

## सराफ ने किया सफाई अभियान का शुभारंभ

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मालवीय नगर क्षेत्र के वार्ड 126 में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान की शुरुआत की और स्थानीय लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। सेवा पखवाड़ा के मंडल संयोजक अविनाश खतिरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की शुरुआत सेक्टर 11 स्थित शिव पार्क से हुई, जहां सराफ के नेतृत्व में स्थानीय पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकों ने पार्क और आसपास की गलियों में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। कार्यक्रम में महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन सुमन शर्मा, मंडल अध्यक्ष हरीश खड़िया, पार्षद ओम स्वामी, मंडल महामंत्री जोरावर सिंह राजपुरोहित, समाजसेवी राजन सरदार, लकी कश्यप, रामपाल जैन, गजेंद्र सिंह, जय नायक, दिव्यांशु गोयल सहित कई नागरिक मौजूद थे।




## Honouring the Hands that Build Our World

Celebrated annually on the third Friday of September, National Tradesmen Day honours the skilled professionals whose hands build and maintain the world around us. From carpenters and electricians to plumbers, masons, and mechanics, tradesmen form the backbone of modern infrastructure and daily life. The day serves as a reminder to appreciate their expertise, dedication, and hard work, often carried out behind the scenes. In India and across the globe, the demand for skilled trades continues to grow, highlighting the importance of vocational training and respect for these professions that keep homes, cities, and industries running smoothly.



#LIFE

# Soul Time Watch

"To the one who learned that fixing watches matters less than fixing lives."





Every morning at 7:30, old Martin would open his tiny watch shop in the heart of the city. At 78, his hands were still the steadiest around. People said that he fixed watches the way a healer tends to wounds, with infinite patience.

One rainy afternoon, Daniel, a 32-year-old executive with a face etched in stress, walked in. He dropped his luxury watch on the counter:

"I need this fixed urgently. It's lost two minutes in a week and I have important meetings. Can you have it ready by tomorrow?"

Martin looked at Daniel first, then at the watch.

"Watches are like people," he said quietly. "When you rush them too much, something inside starts to go wrong."

Daniel glanced impatiently at his phone.

"I just need it to work perfectly."

"It'll take three days," Martin replied.

भाणजा एवं विमल जौला ने बताया कि वार्षिकोत्सव को लेकर मूलनायक भगवान शांतिनाथजी का सामूहिक कलशाभिषेक व शान्तिधारा की गई। पंडित निर्मल सुनारा के निर्देशन में भगवान शांतिनाथजी एवं शांतिनाथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना संगीत के साथ हुई। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया गया। हितेश छाबड़ा एवं जौला ने बताया कि वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर भजन संकीर्तन किया गया। इस अवसर पर आर्यिका ज्ञानश्री माताजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि दान और त्याग दोनों अलग-अलग है, त्याग खोटी चीज का किया जाता है और दान अच्छी चीज का दिया जाता है, उन्होंने कहा कि क्रोध छोड़ो, मान छोड़ो, लोभ छोड़ो, यह कोई नहीं कहता कि ज्ञान छोड़ो।

# आवारा पशुओं के गलें में रेडियम बेल्ट लगाये

**दौसा।** एनएचएआई, कला सुर संगीत संस्थान और सरस्वती वेल्फेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में बीती रात्रि को दौसा जिले में एक अनूठा एवं जनहितकारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के हाईवे पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं के गलों में रेडियम बेल्ट लगाए गए। हाईवे पर अक्सर रात्रि के समय ऐसे पशु सड़क पर आ जाते हैं, जिन्हें वाहन चालक अंधेरे में समय रहते नहीं देख पाते। इस कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है और कई बार मासूम पशुओं के साथ-साथ लोगों की जान पर भी खतरा मंडरा जाता है।

ऐसे में यह पहल दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर कला सुर संगीत संस्थान के अध्यक्ष लक्की गुप्ता, सचिव नीरज शर्मा, दिलिप शर्मा, नवीन शर्मा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही, एनएचएआई के पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने इस सेवा कार्य की सराहना की।

संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा केवल शिक्षा, स्वास्थ्य या पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव और पशु-दोनों की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। रेडियम बेल्ट लगने से रात के समय दूर से ही इन पशुओं की पहचान हो जाएगी और वाहन चालक सावधानी बरत पाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में सुरक्षा और जागरूकता दोनों को मजबूत करती हैं। आयोजकों ने यह भी संदेश दिया कि भविष्य में ऐसे अभियानों को और बड़े स्तर पर चलाकर अधिक से अधिक पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाने का प्रयास किया जाएगा।

# 15 वर्षो से फरार 20 हजार के इनामी शातिर दंपती गिरफ्तार

- 33 हजार लोगों से 22 करोड़ रुपये की थी ठगी
- 2010 में रिलायबल एज्युकेशन प्रा.लि. व रिलायबल रियल हाउस प्रा.लि. नाम से चिटफंड कम्पनी खोलकर लोगों के साथ करोड़ों की ठगी की थी

**दौसा।** साइबर सेल और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 15 वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी शातिर दंपती को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार दंपती ने 33 हजार से अधिक लोगो के 22 करोड रुपये का चुना लगाया है।

कोतवाल सुधीर उपाध्याय ने बताया कि यह दंपती लंबे समय से राजस्थान सहित अन्य राज्यों में लोगों को निवेश के नाम पर झांसा देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। वर्ष 2010 में रिलायबल एज्युकेशन प्रा.लि. व रिलायबल रियल हाउस प्रा.लि. नाम से चिटफंड कम्पनी खोलकर लोगों के साथ करोड़ों की ठगी की थी। फर्जी दस्तावेज बनाकर श्रीराम व मुकेश कुमार व पत्नी नीना से मीना देवी बनकर 15 वर्ष से दिल्ली व हरियाणा में फरारी काट रहे थे। अभियुक्तगण दौसा जिले सहित अन्य जिलों व राज्यों में वांछित चल रहे है। उन्होने बताया कि 5 अक्टूबर 2010 को पीड़ित गिर्राज प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी दीपपुरा थाना बस्सी जिला जयपुर व मुखराज मीना निवासी डिडवाना लालसोट, सी.डी. शर्मा विवेकानन्द कॉलोनी दौसा, डॉ. के.के. सोनी निवासी दौसा, विजय शंकर शर्मा निवासी दौसा, राजेन्द्र कुमार विजय निवासी दौसा ने कोतवाली में रिपोर्ट पेश की थी कि रिलायबल एज्युकेशन प्रा.लि. व रिलायबल रियल हाउस प्रा.लि. के डायरेक्टर राकेश कुमार गुप्ता, मनीष खींची, सूरज शर्मा, श्रीराम सैनी, भवानी सिंह कुमावत, नीना सैनी व अन्य ने मिलकर दोनों कम्पनियों का निर्माण किया और पूरे भारतवर्ष 33 हजार लोगों के साथ ठगी कर 22 करोड के लगभग टर्नओवर किया। जिसमें से कार्यकर्ताओं को कमीशन नॉनवर्किंग कार, मोटर साइकिल इत्यादि दिये जाने का प्रलोभन दिया गया। इनके द्वारा दौसा जिले में भी 6-7 हजार लोगों के साथ धोखाधड़ी कर लगभग 6 करोड रुपए ठग लिये। इसी प्रकार जोबनेर जयपुर में 26 बीघा जमीन रिलायबल एन्कलेव के नाम से कॉलोनी काट कर 150-200 प्लाट का पैमेन्ट लेकर प्लाट का पजेशन नहीं देकर ठगी की गई। कोतवाल सुधीर उपाध्याय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने दौसा में 22 करोड की ठगी के प्रकरण में 15 साल से वांछित चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त पति-पत्नी श्रीराम सैनी व नीना देवी की गिरफ्तारी के लिए साइबर सेल प्रभारी प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में साइबर टीम के सदस्यों की तकनीकी टीम का गठन कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे।

टीम द्वारा लगातार अपराधियों की निगरानी कर अपराधियों के संबंध में बुद्धिमता, ओपन सोर्स, परम्परागत पुलिस संसाधनों, गोपनीय सूचना तथा तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर उसके अस्थाई निवास स्थानों व रोजगार के साधनों के संबंध में सूचना संकलन की गई। इस सूचना के आधार पर अभियुक्तों के विभिन्न अस्थाई निवास स्थानों के समाचार पत्र वितरकों, फल-सब्जी दुकानदारों, डेयरी बूथों, परचून के सामान विक्रेताओं से तथा रोजगार स्थल के आस पडौसी दुकानदारों से गोपनीय जानकारी जुटाकर तथाकथित मुकेश कुमार व मीना देवी की पुख्ता पहचान कर आरोपी श्रीराम सैनी व नीना देवी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गई। कोतवाल सुधीर उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्त दौसा जिले के कोतवाली, बांदीकुई व जिला झुंझुनू के कई आपराधिक प्रकरणों में वांछित अपराधी है। इसके अलावा अन्य जिलों एवं राज्यों से भी वांछित होने के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त श्रीराम पुत्र महावीर प्रसाद सैनी पत्नी श्रीराम सैनी वार्ड नं. 22 बग्गड रोड झुंझुनू के रहने वाले हैं।


**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**



**न्यायालय तहसीलदार सैंथल**

क्रमांक: राजस्व/2025/457 आम सूचना दिनांक 11.09.202

अदालत तहसीलदार, सैंथल
प्रकरण संख्या 14/ 2025
सरकार बनाम मोहनलाल सैनी पुत्र भूरालाल
बाबत्- वसीयत का नामान्तकरण

आम जन को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री मोहनलाल सैनी पु भूरालाल सैनी जाति माली निवासी ए 1 केशर निवास मोना नर्सरी के पार पटेल मार्ग के सामने न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर ग्राम गोलियावार जयपुर द्वारा ग्राम होदायली तहसील सैंथल जिला दौसा स्थित खसर नम्बर 369 रकबा 0.39 है. एवं 385 रकबा 1.12 है. कुल किता 2 रकबा 1 51 है. में वसीयतकर्ता मृतक केसर देवी पत्नी मोहनलाल सैनी क वसीयत का नामान्तकरण खुलवाने हेतु निवेदन किया गया। अतः किसी भी व्यक्ति/ आमजन को उक्त वसीयत का नामान्तकरण तस्दीक कर के लिए किसी को कोई उज या आपत्ति हो तो अपना पक्ष रखने हेतु म दस्तावेजात् आगामी तारीख पेशी दिनांक 23.09.2025 को न्यायाल तहसीलदार, सैंथल में प्रस्तुत हो जिससे प्रकरण का निस्तारण किया ज सके। सूचित रहें।

तहसीलदार सैंथल
तहसील सैंथल जिला दौसा (राज.)



**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री सीताराम शर्मा ने अपना व्यावसायिक भूखण्ड दिनांक 20.12.2021 को श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र गिरधारी सिंह को लीज पर दिया था, लेकिन योगेन्द्र सिंह के द्वारा लीज की शर्तों का उल्लंघन करने तथा मेरी अभिभाष्या के हस्ताक्षर कर उक्त परिसर को सबलेट करने तथा फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज बनाने के कारण उक्त परिसर खाली करवा लिया गया है तथा उक्त व्यक्ति के विरूद्ध पुलिस थाना शिवदासपुरा मे प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 642/2025 दर्ज करा दी गई है, उक्त परिसर खाली करने के पश्चात् विभिन्न वित्तीय संस्थाओं/ वित्तीय बैंक के कर्मचारी लोन की वसूली हेतु तथा पुलिस थाना मुरलीपुरा मे दर्ज प्रकरण 310/2025 के संदर्भ मे अनुसंधान हेतु पुलिस अधिकारी आते है, जबकि उक्त परिसर माह अगस्त 2025 मे ही खाली करवाकर अन्य व्यावसायिक फर्म/ संस्थान को किराये पर दे दिया गया था। इस प्रकार दिनांक 20.12.2021 को निष्पादित लीज डीड, लीज की शर्तों का उल्लंघन करने की वजह से स्वतः निरस्त हो चुकी है, सूचित रहे।

जयपुर
दिनाक 18/9/2025

अश्विनी कुमार शर्मा, एडवोकेट
मोबाइल नं.-9414784294



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम**

क्रमांक: 7089 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 17.09.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 174/103 अल्प आय वर्ग (एरिया 60.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्री मनोज कुमार ठोलिया पुत्र श्री ज्ञानचन्द ठोलिया को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2587 दिनांक 13.01.2001 को जारी किया गया था। जिसके पंजीयन प्रपत्र श्री मनोज कुमार ठोलिया पुत्र श्री ज्ञानचन्द ठोलिया के नाम दिनांक 17.05.2016 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत किया गया है। श्री मनोज कुमार ठोलिया की मृत्यु दिनांक 31.12.2024 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती अंजू देवी ठौलिया पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार ठोलिया द्वारा आवासन मण्डल मे पंजीकृत हक त्याग के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती अंजू देवी ठौलिया पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार ठोलिया का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**संपदा प्रबंधक,वृत्त प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर**



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मंडल, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक : 7123 दिनांक : 18.9.25

**जाहिर आम-सूचना**

राजस्थान आवासन मंडल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 84/137 (MIG-B) का आवंटन श्रीमती सरजू बाला व्यास पत्नी श्री जी.आर. व्यास को किया गया था. जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 643 दिनांक 22.4.1993 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2884 दिनांक 8.3.2004 के द्वारा श्री सुधीर सिंह पुत्र श्री रक्षपाल सिंह के पक्ष में किया गया। जिसके पंजीयन प्रपत्र श्री सुधीर सिंह पुत्र श्री रक्षपाल सिंह के नाम दिनांक 21.3.2004 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर में पंजीकृत किया गया है। श्री सुधीर सिंह की मृत्यु दिनांक 4.5.2025 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी एवं पुत्रान क्रमशः 1. श्रीमती प्रीति कुल्हरी पत्नी स्व. श्री सुधीर सिंह, 2. श्री अधीराज कुल्हरी पुत्र स्व. श्री सुधीर सिंह, 3. अकुल कुल्हरी पुत्र स्व. श्री सुधीर सिंह एवं 4. श्री विराज कुल्हरी पुत्र स्व. श्री सुधीर सिंह (नाबालिक) द्वारा आवासन मंडल में पंजीकृत हक त्याग के आधार पर अपना नाम मंडल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मंडल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। 1. श्रीमती प्रीति कुल्हरी पत्नी स्व. श्री सुधीर सिंह, 2. श्री अधीराज कुल्हरी पुत्र स्व. श्री सुधीर सिंह, 3. अकुल कुल्हरी पुत्र स्व. श्री सुधीर सिंह एवं 4. श्री विराज कुल्हरी पुत्र स्व. श्री सुधीर सिंह (नाबालिक) का नाम मंडल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मंडल, जयपुर



**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

**मुकदमा नंबर 35/2025**

चूंकि श्री कृष्ण शर्मा पुत्र श्री शम्भू दयाल शर्मा निवासी ग्राम सरूण्ड तहसील कोटपुतली जिला कोटपुतली-बहरोड ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास मंदिर श्री देवी जी (सरूण्ड माता) ट्रस्ट, ग्राम सरूण्ड तहसील कोटपुतली जिला कोटपुतली-बहरोड, के न्यास विधान में संशोधन का संशोधित ट्रस्ट डीड एवं न्यासी परिवर्तन को दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों को आम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि ये इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीन दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत की नहीं गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जायेगा तथा जांच सहित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17.9.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आज्ञा दिनांक पेशी 29.10.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम**

क्रमांक: 7091 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 17.09.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 113/173 (EWS), (क्षेत्रफल 30.937 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवेदन श्री हेमनदास पुत्र श्री नत्थूमल को किया जाकर आवेदन पत्र क्रमांक 845 दिनांक 29.06.1998 को जारी किया गया। श्रीमती यशोदा देवी पत्नी श्री प्रभु लाल नागर के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण आदेश क्रमांक 5494/2776 दिनांक 15.12.2020 के तहत किया गया तथा श्रीमती यशोदा देवी के पक्ष में उक्त आवास को पंजीयन क्रमांक 2021/307 दिनांक 02.07.2021 उप पंजीयक अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती यशोदा देवी की मृत्यु दिनांक 02.05.2023 को हो जाने के कारण पार्षद की सजरा रिपोर्ट के आधार पर इनके पुत्र श्री विकास नागर पुत्र स्व. श्री प्रभु लाल नागर द्वारा उक्त आवास स्वयं के नाम हस्तांतरित करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण बाबत किसी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरित के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री विकास नागर पुत्र स्व. श्री प्रभु लाल नागर के नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

संपदा प्रबंधक,वृत्त प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक : 7033 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक : 15.09.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 85/572 (LIG) का आवंटन श्री सीताराम राजोरिया पुत्र श्री गजानन्द राजोरिया को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 362 दिनांक 31.05.1994 को जारी किया गया था। उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 29.09.1994 को सम्भलाया गया। तत्पश्चात श्री सीताराम राजोरिया की मृत्यु दिनांक 08.01.1997 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती कान्ता राजोरिया पत्नी स्व. श्री सीताराम राजोरिया द्वारा आवासन मण्डल में रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1693 दिनांक 06.12.2012 के द्वारा मण्डल रिकॉर्ड में इनका नाम दर्ज किया गया। जिसके पंजीयन प्रपत्र श्रीमती कान्ता राजोरिया पत्नी स्व. श्री सीताराम राजोरिया के नाम दिनांक 05.09.2024 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत किया गया है। श्रीमती कान्ता राजोरिया की मृत्यु दिनांक 26.07.2025 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती स्वाति राजोरिया पुत्री स्व. श्री सीताराम राजोरिया एवं मोनिका खण्डेलवाल पत्नी श्री लवनीत खण्डेलवाल द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती स्वाति राजोरिया पुत्री स्व. श्री सीताराम राजोरिया एवं मोनिका खण्डेलवाल पत्नी श्री लवनीत खण्डेलवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर



**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री के अपार आईडी में उसका नाम कृष्णा कंवर नरूका दर्ज है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में उसका नाम कृष्णा कंवर दर्ज है। भविष्य में मेरी पुत्री को कृष्णा कंवर (KRISHNA KANWAR) पुत्री रेखा राम नरूका निवासी 373, गायत्री नगर-ए, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर के नाम से जाना जाए।

I have changed my name from Leelawanti, Lilawati, Leelawati Jaswani and Divya to Divya Jaswani wife of Shri Naresh Kumar. I will be known by this name in future. Address:- plot no 1 B Khawas ji ka bagh Sindhi colony Durgapura , Jaipur.



**NOTICE TO SHOW CAUSE**
(Appendix H From 4)
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR BENCH,JAIPUR
S.B. Civil Writ Petition No. 10971 /2022
Sitaram Sharma & Ors. Vs Suwalal & Ors.
To.
1. Suwalal S/o Mohru (Deceased)
1/1. Rameshwar S/o late Shri Suwalal, R/o Village Raghunathpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District Jaipur.
1/2.Sitaram S/o late Shri Suwalal, R/o Village Raghunathpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District - Jaipur.
1/3.Ghasiram S/o Late Shri Suwalal, aged about 71 years, R/o Village Raghunathpura @Ratlya Tehsil Sanganer District -Jaipur. Devilal S/o Mohru (Deceased)
2/1. Muli Devi D/o Davilal w/o Bhawar Lal Sharma R/o Village Bada Khet Muhana Tehsil Sanganer District Jaipur. Rajasthan.
3. Birdhi Chand, Rampal S/o Shyonarayan R/o Village Raghunathpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District Jaipur.
4. Smt. Dhapu W/o Chunni Lal R/o Village Raghunathpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District Jaipur.
5.Mangu S/o Bijya (Deceased)
5/1.Ganesh Narayan S/o Madan lal R/o Village Raghunathpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District -Jaipur.
5/2.Babulal S/o Madan lal R/o Village Raghunath-pura @ Ratlya Tehsil Sanganer District Jaipur.
5/3. Bidam Devi W/o Prabhu Narayan R/o Village Raghunathpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District-Jaipur.
5/4. Suresh S/o Madan lal R/o Village Raghunat-hpura @ Ratlya Tehsil Sanganer District Jaipur.
6. Additional District Collector (Second), Jaipur.

Whereas the above named petitioner has made a writ Petition to this Court under Article 226 the Constitution of India a copy which is enclosed You are hereby formed that you may appear in person or by a pleader duly instruction on the... 24-09-2025 At 10:30 A.M to show cause why the write petition should not be admitted, failing where in the said write petition will be heard and admitted ex-party. Given under my hand and the seal of the Court, This 12/09/2025 day of ....20

मोहर

Register
Raj. High Court, Jaipur



**श्री धन्वन्तरि सेवा समिति**
96, जौहरी बाजार, जयपुर (राज.) फोन: 2574333 | Email: dhanvantrysamiti@gmail.com

क्रमांक: 485/25 **सूचना** दिनांक: 18.09.2025

श्री धन्वन्तरि सेवा समिति जयपुर के आगामी चुनाव हेतु प्रस्तावित मतदाता सूची समिति कार्यालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध है किसी भी सदस्य को इस प्रस्तावित मतदाता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में 22.09.2025 को सायं 4 बजे तक कार्यालय में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर देवें।

मन्त्री



**खोया पाया**

मेरे प्लाट नम्बर 68/219 (HIG) सेक्टर 6 प्रताप नगर, जयपुर के मूल कागजात, आवंटन लेटर, कब्जा लेटर, आदेश लेटर, नाम लेटर, कन्वेंस डीड, वर्चुअल डीड, सत्यापित प्रति, कही खो गए है मिलने पे सूचित करे। ललिता शर्मा 68/219 सेक्टर 6 प्रताप नगर जयपुर। 6377268029

मेरा नगर पालिका मण्डल किशनगढ-रेनवाल के द्वारा राज. ग्रान्ट एक्ट 1961 में जारी पट्टा जो कि यासीन मोहम्मद पुत्र श्री हाजी सुण्डा जाति मुसलमान निवासी कि. रेनवाल उपक्षेत्र सं.09 दिनांक 23.10.1983 के नाम जारी था। जिसका क्षेत्रफल 21 फुट X 9 फुट = 21 वर्गगज था। जिसकी मूल प्रति मेरे द्वारा गुम हो गई है। अतः उक्त पट्टा किसी व्यक्ति को मिले तो सूचित करें- मो.7740958041

मेरे प्लॉट संख्या 27,नरसिंह विहार कॉलोनी मुहाना बस स्टैंड के पास,तहसील सांगानेर के दी सांगानेर को ऑपरेटिव सोसायटी लि. के समस्त कागज कही गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें। छोटी लाल पुत्र पोखर राम बैरवा 8387847008



**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com

क्रमांक :- जसअ/2025/216 दिनांक: 17.09.2025

**निविदा सूचना संख्या 71/2025-26**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2526WSOB001314 है।

अधिशाषी अभियंता
सांगानेर जोन
नगर निगम जयपुर ग्रेटर

राज.संवाद/सी/25/10389



**कार्यालय नगर परिषद, दौसा**
लालसोट रोड दौसा - 303303

फोन व फैक्स-01427-220054 ई-मेल-dausa.jaipur@yahoo.com
क्रमांक-3532 प्रारूप-10 नियम 6(7) दिनांक-18/9/25

**(प्राधिकृत अधिकारी) नगर परिषद दौसा**
**लोक सूचना**

लक्ष्मी देवी पत्नि राजेश हिस्सा-4277/9000 जाति महाजन, श्रीमतिमधु पत्नि आर. के. गुप्ता हिस्सा-223/4500 जाति महाजन, सरोजदेवी पत्नि रतनलाल हिस्सा-4277/9000 जाति महाजन ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दौसा | मोडा पट्टी | 910/717 | 0.26 है0 |
| 2 | दौसा | मोडा पट्टी | 913/717 | 0.19 है0 |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृतिः अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के आवासीय उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी की आपेक्ष नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ....को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद दौसा



**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

**बोली आमंत्रण सूचना**

बोर्ड परीक्षा 2026 हेतु विभिन्न प्रकार के लिफाफें निर्माण एंव आपूर्ति (अनुमानित राशि रू 15.00 लाख) के उपापन हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से ऑनलाईन बोली दिनांक 24.09.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण राज्य सरकार के उपापन पोर्टल (http:// eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.gov.in एवं बोर्ड वेबसाईट rajeduboard.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN CODE - SEB 2526A0018

सचिव



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

खेरली शाखा, राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल के सामने, कठूमर रोड़, खेरली, अलवर, राजस्थान, फोन नं.: 01492-280130, ई-मेल: kherli@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लोट नं. | ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( सांकेतिक/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **मैसर्स खंडेलवाल ऑटोमोबाइल्स** पुलिस स्टेशन के सामने, कठूमर रोड़, खेरली, तहसील कठूमर, जिला अलवर, राजस्थान 321606 **प्रोपराईटर एवं ऋणी-** **श्री सुरेश चंद पुत्र श्री मंगतू राम** वार्ड नं. 16, गुर्जर मोहल्ला, पोस्ट ऑफीस के पास, खेरली, तहसील कठूमर, जिला अलवर, राजस्थान 321606 **जमानतदार-** **श्री दिनेश चंद पुत्र श्री मंगतू राम** वार्ड नं. 16, गुर्जर मोहल्ला, पोस्ट ऑफीस के पास, खेरली, तहसील कठूमर, जिला अलवर, राजस्थान 321606 | श्री दिनेश चंद पुत्र श्री मंगतू राम एवं श्री सुरेश चंद पुत्र श्री मंगतू राम के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो वार्ड नं. 16, गुर्जर मोहल्ला, खेरली, तहसील कठूमर, जिला अलवर, राजस्थान 321606 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 169.734 वर्ग मीटर ( 203 वर्ग गज ) है। सीमाएं- पूर्वः रोड़, पश्चिमः गली, उत्तरः श्री दीपचंद शर्मा का प्लॉट, दक्षिणः श्री रामस्वरूप खंडेलवाल का प्लॉट **अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं** | रूपये 15,31,416.99 दिनांक 18.09.2024 को बकाया ( दिनांक 18.09.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 27.10.2025 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | **आरक्षित मूल्य-** रूपये 30,15,000/- / **धरोहर राशि-** रूपये 3,01,500/- / **बोली वृद्धि राशि-** रूपये 20,000/- | सांकेतिक | 18.10.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से **दूरभाष नं.- 01492-280130, मोबाईल नं. 8094004765** पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक: 17.09.2025
स्थान: अलवर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

# स्मार्ट मीटर के विरूद्ध कांग्रेस कार्यकर्ताओं व व्यापारियों का 'हल्ला बोल' प्रदर्शन

- निगम कार्यालय का किया घेराव, जमकर किया प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री व उर्जा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, स्मार्ट मीटर योजना को वापस लिये जाने की मांग
- प्रदर्शनकारियों ने लगाया आरोप, रात्रि के समय में भी आम उपभोक्ताओं के घर जाकर ठेकेदार लठैतों की सहायता से जबरन लगा रहे स्मार्ट मीटर

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेष भर में घरेलू समेत व्यापारिक, कृषक व विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं के यहां लगाये जा रहे बिजली के स्मार्ट मीटरों का विरोध गुरूवार को कोटपूतली में भी देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से स्मार्ट मीटरों को लेकर ठेकेदार व उपभोक्ताओं के बीच टकराव के समाचार भी सामने आ रहे हैं। इसी को लेकर पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता तारा पूतली के आव्हान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने "हल्ला बोल" विरोध प्रदर्शन किया। गुरूवार तड़के नगर परिषद पार्क में एकत्रित होकर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, प्रदर्षन के संयोजक तारा पूतली, जिला पार्षद मंजू रावत, समाजसेवी राधेष्याम शुक्लावास समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पैदल मार्च कर विधुत पॉवर हाउस पहुंचे।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने "हल्ला बोल" विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध को देखते हुये डीएसपी राजेन्द्र बुरडक भी भारी मात्रा में पुलिस जाप्ते के साथ पहुंच गये। कार्यकर्ताओं ने निगम कार्यालय में प्रवेष कर धरना देने की कोशिश की। लेकिन पुलिस जाप्ते ने उन्हें पॉवर हाउस के मुख्य द्वार पर ही रोक दिया। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने निगम के अधिकारियों को लताड़ते हुये कहा कि भजन लाल सरकार स्मार्ट मीटरों के जरिये तानाषाही कर रही हैं। जिसे बर्दाष्त नहीं किया जायेगा। जब प्रदेष की विधानसभा में स्मार्ट मीटर आम उपभोक्ता की सहमति से ही लगाये जाने की घोषणा सरकार ने कर दी हैं, उसके बावजूद भी जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। कुछ ही दिनों में बिजली के बिल कई गुणा बढ़कर आ रहे हैं। आखिर एक आम परिवार हजारों रूपये बिजली का बिल कैसे भरेगा। विषेष तौर पर गरीब उपभोक्ताओं के लिये बड़ी परेषानी का सबब हैं। भाजपा शासित अन्य राज्यों में 200 से 300 यूनिट बिजली आम उपभोक्ता को नि:षुल्क मिल रही हैं। लेकिन भजन लाल सरकार स्मार्ट मीटर के जरिये पहले प्रीपेड आधारित एवं उसके बाद बिजली व्यवस्था ठेकेदारों के हवाले कर देना चाहती हैं जो कि बर्दाष्त नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ताओं ने निगम के एईएन अमित ढ़ाका को उर्जा मंत्री के नाम स्मार्ट मीटर वापस लिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## संक्षिप्त

### डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ

**फुलेरा।** जोबनेर रोड स्थित उपजिला अस्पताल में किडनी से सम्बन्धित रोगियों के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि इससे पूर्व स्थानीय बिमारीयो को जयपुर व अन्यत्र स्थान पर जाकर उपचार लेने की मजबूरी बनी हुई थी। फुलेरा उपजिला अस्पताल में पीएमओ डॉ. धर्मेंद्र भामू के मुख्य आतिथ्य मे हेमोडायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि रोगियों को यहां डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगी। रोगियों को ओपीडी के समय ही हेमोडायलिसिस की सुविधा मिलेगी। स्टेबल रोगियों को जयपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस मौके पर डॉ. महेश कड़ेल, डॉ. पीयूष तिवाड़ी, डॉ. राहुल मित्तल, डॉ. मनोज वियानी, नर्सिंग अधिकारी रणवीर सिंह, प्रवीण कुमार, भवानीप्रसाद सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### मामला दर्ज

**निवाई।** निवाई सदर थाना में सेदरिया ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट करने व राज कार्य बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज करवाया गया है। सदर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सेदरिया के ग्राम विकास अधिकारी गजानंद यादव ने मामला दर्ज करवाया है कि 17 सितंबर को राजस्व ग्राम भगत रामपुर में रास्ते के दो पेड़ों पर एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसके संबंध में मौका स्थिति के लिए तहसीलदार नरेश गुर्जर, भू अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारी घनश्याम शर्मा के साथ मौका मुआयना किया जा रहा था। इसी दौरान स्थानीय महिला गड़ूली देवी पत्नी गोपी सिंह गुर्जर द्वारा मारपीट की गई व राज कार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फार्मासिस्ट दिवस पर एक दिन का अवकाश स्वीकृत

**दौसा।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह में राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले फार्मासिस्ट कर्मचारियों के लिए चिकित्सा विभाग ने एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया हैं। इस संबंध में निदेशालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, जयपुर के निदेशक (अराजपत्रित) राकेश कुमार शर्मा ने आदेश जारी किये हैं। दौसा जिले के समस्त फार्मासिस्ट कर्मचारियों ने चिकित्सा विभाग एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का आभार जताया।

### शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ

**मनोहरपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 तक शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मनोहरपुर नगर पालिका में शिविर का शुभारंभ हुआ। ईओ हरि नारायण यादव ने बताया कि शिविर में 9 जन्म मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र, 1 बिजली एनओसी, 4 कृषि भूमि नियमाकन, 1 पट्टा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों का निस्तारण किया गया। प्रथम दिन शिविर में चिकित्सा विभाग एवं आयुर्वेदिक विभाग द्वारा कुल 426 लाभार्थियों को स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** ग्राम पंचायत सेदरिया खुर्द के ग्राम विकास अधिकारी गजानंद यादव के साथ आम रास्ते में अतिक्रमण के मौका निरीक्षण के दौरान तहसीलदार के सामने हुई मारपीट करने से आक्रोशित ग्राम विकास अधिकारी संघ शाखा निवाई द्वारा अध्यक्ष विनोद कुमार जैन के नेतृत्व में एसडीएम रामकरण सिंह को आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा है। संघ द्वारा एसडीम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि 17 सितंबर को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के मौका निरीक्षण के दौरान एक महिला ने ग्राम विकास अधिकारी, सेदरिया गजानंद यादव से मारपीट की वह राजकार्य में बाधा उत्पन्न की।

### विक्रम पैरालंपिक वॉलीबॉल अध्यक्ष बने

**मनोहरपुर ।** राजपूताना पैरालंपिक वॉलीबॉल संगठन, राजस्थान ने हाल ही में विक्रम सिंह धोलीवाल को जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर विक्रम सिंह धोलीवाल ने कहा कि पैरालंपिक खेल न केवल दिव्यांग साथियों में आत्मविश्वास जगाते हैं, बल्कि उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने की राह भी दिखाते हैं।

## खाकीशाह बाबा का उर्स सम्पन

**मनोहरपुर।** खाकीशाह मोहल्ला स्थित हजरत खाकीशाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 828 वां सालाना उर्स बड़े धूमधाम से मनाया गया।डॉक्टर शकील शाह ने बताया कि सुबह कुरानख्वानी के साथ उर्स का आगाज हुआ। इसके बाद दोपहर जौहर की नमाज के बाद पाल मस्जिद के पास खादिम मुमताज शाह के मकान से बैंड - बाजे के साथ चादर का जुलूस रवाना हुआ।

जुलूस सारवान मोहल्ला, छिपियों का मोहल्ला, सब्जी मंडी व गांधी चौक से होकर दरगाह शरीफ पहुंचा। इससे पूर्व मुमताज शाह के घर पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। दरगाह पहुंचने पर अकीदतमंदों ने चादर चढ़ाई और दुआएं मांगी। दरगाह परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया, बच्चों के झूले और अस्थाई दुकानें लगने से कस्बे में मेले जैसा माहौल रहा। उर्स के मौके पर दरगाह कमेटी और प्रशासन ने जायरीन की सुविधाओं व सुरक्षा-यातायात के पुख्ता इंतजाम किए।

## दूदू में किसान महापंचायत की समीक्षा बैठक सम्पन्न

- रामपाल जाट ने बीमा योजनाओं और आपदा राहत को लेकर सरकारों पर साधा निशाना

**जयपुर/दूदू।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने गुरुवार को दूदू में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेशभर में अतिवृष्टि के कारण किसानों की तबाही पर सरकारों की चुप्पी और बीमा कंपनियों की लूट का कड़ा विरोध किया। बैठक में आगामी 6 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली "अन्नदाता हुंकार रैली" की तैयारियों और रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। रामपाल जाट ने कहा कि राज्य में अत्यधिक बारिश के चलते अधिकांश क्षेत्रों में फसलें 75 से 100 तक बर्बाद हो चुकी हैं। सरकारों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों से प्रीमियम वसूलना जारी रखा, जबकि फसल कटाई प्रयोग किए बिना बीमा क्लेम मिलना संभव ही नहीं था। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियां किसानों से प्रीमियम वसूल कर 25 राशि देकर उन्हें बीमा से वंचित कर रही हैं, जो भारत सरकार की बीमा मार्गदर्शिका के अनुसार हो रहा है। इसे किसानों को लूट कर बीमा कंपनियों को फायदा पहुंचाने की साजिश बताया गया। उन्होंने आपदा राहत कोष के अंतर्गत सहायता वितरण की प्रक्रिया को भी अपारदर्शी और पक्षपातपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि असिंचित भूमि के लिए प्रति हेक्टेयर 8500 और सिंचित भूमि के लिए 17000 का प्रावधान है, लेकिन किसानों को यह राशि अक्सर मंजूरी के बावजूद नहीं दी जाती। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों जैसे खेत को पानी, फसल को दाम, युवाओं को काम जैसे मुद्दों को लेकर 6 अक्टूबर को जयपुर में "अन्नदाता हुंकार रैली" का आयोजन तय किया गया है।

दूदू की इस बैठक में प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बैरवा, दूदू जिलाध्यक्ष डॉ. बलदेव महरिया, मोजमाबाद तहसील संयोजक बजरंग जाजुंदा, रामेश्वर बुरड़क, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मीणा, छीतरलाल बैरवा, तहसील उपाध्यक्ष रामकिशोर दाधीच, रामकिशन सियाक, रामलाल बैरवा, रामलाल किशनपुरा और महावीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक से पहले माधोराजपुरा, पालड़ी, नाहरी का खेड़ा, चौरु, नया मौजा, धमाना, खुडियाला जैसे गाँवों में जनसंपर्क और सभाएं की गईं।

## विद्यार्थियों को संस्कृति के बारे में किया जागरूक

**निवाई।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में कैरियर काउंसिल के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक के कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के पीआरओ ठा. तनुज सैंगर ने बताया कि विश्वविद्यालय में टोंक के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कैरियर, शिक्षा व भारतीय संस्कृति के बारे में जागरूक किया जाता है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य मे शिक्षा संबंधी परेशानियों को आसानी से दूर करने की प्रतिभा जागरूक होती है।

कार्यक्रम में एडमिशन विभाग के प्रमुख आकाश सारस्वत द्वारा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया एवं प्रत्येक संचालित विभागों की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## सुरक्षित रहते हुए सावधानी पूर्वक कार्य को अंजाम दे : गर्ग

**मनोहरपूर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रशिक्षण शाखा द्वारा शाहपुरा उपखण्ड की सुरक्षा सम्बन्धी ट्रेनिंग का आयोजन किया शैरी रिसोर्ट में हुआ इसमे अधिशाषी अभियंता रंजना शर्मा (प्रशिक्षण - ज स), जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाहपुरा के अधिशाषी अभियंता सुरेश चंद्र गर्ग,जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाहपुरा (एच टी एम) आशीष डंगायच, गौरव सिंह, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपूर के सहायक अभियंता मनोहर सिंह यादव, अंकित बालोदा, चन्द्र प्रकाश के द्वारा विद्युत सुरक्षा सम्बंधित तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर शाहपुरा खण्ड के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता एंव तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया !



जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रशिक्षण शाखा द्वारा शाहपुरा उपखण्ड की सुरक्षा सम्बन्धी ट्रेनिंग का आयोजन किया।

इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत, कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह यादव, कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह, कनिष्ठ अभियंता (एचटीएम) ओम प्रकाश प्रजापत, कनिष्ठ अभियंता कनिष्ठ अभियंता अग्रवाल राडावास, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र कुमार जाट, ड्राइवर राम सिंह आदि उपस्तीथ थे

कर्मचारी नेता मुकेश नटवाड़िया ने बताया कि इस अवसर पर जयपुर विद्युत वितरण निगम कर्मचारी नेता सुरेंद्र चोधरी, कर्मचारी नेता मोहन चोधरी, कर्मचारी नेता हेमपाल पोसवाल, कर्मचारी नेता मुकेश कुमार नटवाडिया, कर्मचारी नेता प्रकाश मोहनपुरिया, ऑल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एंप्लाइज फेडरेशन के मीडिया प्रभारी अब्दुल अज़ीज़ लोहानी, संतोष मेहरा,ओम प्रकाश गुर्जर, पूरणमल कुमावत, जगदीश गुर्जर, महावीर चोहान, राम अवतार यादव, राकेश जाट, गिरधारी लाल यादव, गणेश राम रेगर, पप्पू राम गुर्जर, करमचंद रेगर, सुभाष गुर्जर, जय सिंह गुर्जर, मनोज सैनी, नरेंद्र यादव, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खोरा लाड़खानी के कर्मचारियों में शिव प्रकाश बुनकर, नाथूराम गुर्जर, नरेंद्र कुमार योगी, रमेश चंद गुर्जर, पवन कुमार शर्मा, विनोद कुमार हल दुनिया, रामकरण यादव, केसर लाल बुनकर, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड चंदवाजी के नानगराम गुर्जर, मेवाराम गुर्जर, लक्ष्मी नारायण मौर्य, विनोद कुमार मीना, रोहिताश बुनकर, प्रह्लाद राय, सुरेश कुमार बुनकर, मोहित सिंह, पवन रजवानिया, प्रकाश सैनी एफ आर टी पार्टी के अमर सिंह, राहुल कुमार, अक्षय कुमार, अमर सिंह गुर्जर मोहम्मद फरमान पठान आदि उपस्तिथ थे।

## मृतक काश्तकार के बेटे को भटका रहा सांभर विद्युत निगम

- 45 साल पुराने विद्युत कनेक्शन को चालू करने में निगम की टालमटोल

**सांभरझील ।** सांभर में एक मृतक लघु काश्तकार के बुजुर्ग बेटे की ओर से अपने खेत पर पिता के जीवनकाल में लिए गए कृषि कनेक्शन को पुनः चालू करवाने के लिए दी गई अर्जी के बावजूद 14 साल से निगम चक्कर कटवा रहा है, उसके खेत पर कृषि कनेक्शन न तो जोड़ा जा रहा है और न ही इसके लिए मना किया जा रहा है।

ऐसी स्थिति में परेशान होकर अब बुजुर्ग प्रदेश के मुखिया की शरण में जाने को मजबूर हो रहा है। यहां सीता सागर रोड निवासी मृतक काश्तकार गोविंदराम तूंदवाल के 62 वर्षीय बेटे भगवान सहाय माली ने दस्तावेज पेश करके बताया कि उसके पिता ने 23 जून 1980 को नियम अनुसार खेत पर विद्युत कनेक्शन लिया था। धीरे-धीरे जब कुए का पानी सूख गया और खेती बंद हो गई तो कनेक्शन बंद करवा दिया गया लेकिन कटवाया नहीं था।

उनकी ओर से 6 जनवरी 2014 को निगम के सहायक अभियंता को विद्युत कनेक्शन कृषि भूमि पर पुनः चालू करवाने हेतु लिखित में प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

उसके पश्चात 6 फरवरी 2017 को व इससे पहले अनेक दफा कार्यालय में जाकर संपर्क करके कनेक्शन को चालू करवाने का अनुरोध किया लेकिन यह कहकर मना कर दिया कि रोड से होते हुए बहुत सारे खंबे लगेंगे और इसका बजट हमारे पास में नहीं है, जबकि निगम प्रभावशाली लोगों को लाभ देने के लिए यहां की कॉलोनी में अपने स्तर से अनेक खंभे गाडकर आवासीय कनेक्शन दिए गए हैं तो फिर कृषि कनेक्शन के लिए जो अलग से लाइन जा रही है उससे प्रार्थी को रोड पर खंभे लगाकर कनेक्शन क्यों नहीं दिया जा रहा है, इस बात का जवाब निगम नहीं दे रहा है।

पीड़ित ने यह भी बताया कि रि-कनेक्शन करने के लिए 6 अगस्त 2018 को निगम द्वारा दिया गया डिमांड नोटिस के अनुसार 7850 रुपए भी जमा करवा दिए थे, लेकिन इसके बावजूद भी कोई एस्टीमेट नहीं बना कर विभाग उसे हैरान और परेशान कर रहा है, जबकि सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी काश्तकर को विद्युत कनेक्शन देने में तत्परता बरती जाए।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में आमूखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

- राष्ट्र सेवा योजना के तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**दौसा।** श्री संत सुंदर दास राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र सेवा योजना के तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



आमुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा।

महाविद्यालय मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नरेंद्र गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ललिता वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक राकेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ललिता बैरवा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ नरेंद्र गुप्ता ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख लक्ष्य सेवा है स्वयं सेवक, स्वयं से पहले दूसरे के हित के बारे में सोचते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयं सेविकाएं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेती हैं जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ललिता वर्मा ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेविकाएं अधिक से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में भाग लें।

राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक राकेश कुमार शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के लोगो के बारे में समझाते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की लोगो में जो आठ तीलियां बनी हुई है वह आठ पहर की सूचक है। जो कि स्वयंसेविकाओं को आठ प्रहर अपनी सेवाएं देने हेतु प्रेरित करती हैं। इकाई प्रभारी डॉ. ललिता बैरवा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा की गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते हैं।

साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता आदि। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है। एक आदर्श नागरिक बनने के लिए इन गुणों का विकास होना अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पुलिस उपधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा ने छात्राओं को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से राजकोप सिटीजन एप डाउनलोड करवाया तथा बताया कि छात्राएं इस ऐप के माध्यम से किसी भी समय परेशानी में होने पर नीड हेल्प ऑप्शन के द्वारा सहायता मांग सकती हैं। नजदीकी पुलिस स्टेशन द्वारा तुरंत पीड़ित बालिका को सहायता पहुंचाई जाती है।

## खिलाडियो ने जीते सर्वाधिक पदक

**दौसा।** जिला कराटे संघ दौसा के खिलाड़ियों ने इस पर जिले में आयोजित 69 वीं स्कूल गेम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कराटे, ताइक्वांडो, जूडो और शतरंज में जीते सर्वाधिक पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। जिसमें कराटे में 52 भार वर्ग में रेणु गुर्जर, 60 किलो भार वर्ग में जयशिखा शर्मा, 40 भार वर्ग में प्रखर भारद्वाज, 66 भार वर्ग में आयुष्मान पाराशर अंडर 17 में राज्य स्तरीय स्कूल गेम कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। जूडो में अनन्या शर्मा ने 44 भार वर्ग अंडर 14 में राज्य स्तरीय गेम जूडो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए एवं अंडर 14 में अनिका शर्मा और अवनी शर्मा ने भाग लिया। ताइक्वांडो में 75 भार वर्ग में अंडर 17 आयु वर्ग में आदित्य द्विवेदी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। शतरंज में धनंजय राज मिश्रा अंडर 17 आयु वर्ग में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। इन सभी खिलाडियों का पवन मार्शल आर्ट अकेडमी में सम्मान किया गया एवं सभी पैरेंट्स ने बहुत-बहुत बधाइयां दी।

## सार-समाचार

### देवली में शहर के वार्डों में बना हुआ है गंदगी का आलम



**देवली ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के उपलक्ष पर देशभर में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत स्वस्थ राजस्थान,विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में भी राजस्थान की भजनलाल सरकार जोर शोर से अभियान का प्रचार करते हुए आम जन तक अभियान का लाभ आसानी से पहुंचे इस पर निर्णायक भूमिका में बनी हुई है । लेकिन यहां उक्त अभियान के रहते हुए भी पालिका प्रशासन शहर में फेली गंदगी का निस्तारण करने में असफल बनी हुई है। मामला यह है कि देवली शहर के वार्ड नंबर 5 के मुख्य मार्ग स्थित होली दहन स्थल,रामदेवरा भवन के बाहर और भवन के पीछे 12 महीनो गंदगी का आलम बना हुआ रहता है। ऐसे हालातो की सूचना स्थानीय लोगों सहित मीडिया के जरिए पालिका प्रशासन को कई बार दी गई है। बावजूद इसके पालिका प्रशासन के अधिकारी यहां फैली हुई गंदगी और कचरे के ढेर को हटाने में लापरवाही बरतते चले आ रहे है। ऐसे में वार्ड नंबर 5 का उक्त मुख्य मार्ग सफाई के अभाव में गंदगी और बदबू से सटा हुआ रहता है। ऐसे हालातो से वाकिफ पालिका प्रशासन के अधिकारी स्थानीय लोगों को स्वच्छता का लाभ पहुंचाने में कोताही बरते हुए है। ऐसे मे सवाल यह उठता है कि। यहां बने ऐसे हालातो पर राजस्थान की भजन लाल सरकार का सपना,स्वस्थ राजस्थान,स्वच्छ राजस्थान का सपना आखिर कैसे साकार होगा। जहां 12 महीने गंदगी और बदबू का आलम बना हुआ रहता हो ।

### शिविर का आयोजन नगरपालिका कार्यालय परिसर में होगा

**निवाई।** नगरपालिका क्षेत्र में आयोजित शहरी सेवा शिविर 17 अक्टूबर तक नगरपालिका कार्यालय परिसर में आयोजित होंगे। अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि शिविरों का आयोजन पूर्व में वार्डवार विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर करने के लिए स्थान निर्धारित किए गए थे। उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन को लेकर संशोधन करते हुए प्रत्येक शिविर का स्थान नगर पालिका कार्यालय परिसर किया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करने के लिए शिविर में संशोधन किया गया है। कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित होने से आमजन के कार्य त्वरित गति से करके राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर तक शिविर नगरपालिका कार्यालय परिसर में ही आयोजित होंगे। सभी शिविरों में सभी वार्डों के लोगों के कार्य का निस्तारण कर राहत प्रदान की जाएगी। शिविर में सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया जाएगा। शिविर को लेकर सभी वार्डों में साफ- सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्कों व सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सिवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के स्टेट व ग्रांट एक्ट के पट्टे, कच्ची बस्ती, 69 ए, कृषि भूमि, भू उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनोसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास व शौचालय निर्माण के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

### शहरी सेवा शिविर शुरू

**फुलेरा ।** राजस्थान सरकार की ओर से आमजन की सुविधा के उद्देश्य को लेकर शहरी सेवा शिविर 2025 शुरू किया गया, जिसके अन्तर्गत गुरुवार को वार्ड नं 2 व 3 के लिए तेजाजी चौक स्थित सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किया गया। इससे पूर्व बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत व उपखण्ड अधिकारी, सांभरलेक ऋषिराज कपिल ने अंबेडकर भवन में शहरी सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ किया। पालिका ईओ सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान 17 पटटे, 8 नामान्तरण, 15 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, 01 भवन निर्माण अनुज्ञा, 2 नल-बिजली एनओसी जारी किये गये साथ ही उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक वार्ड अनुसार स्वच्छता ही सेवा के तहत विशेष सफाई अभियान की जाएगी, जिसमें साफ-सफाई, कटिली झाड़ियों की कटाई डीडीटी पाउण्डर का छिडकाव, मौसमी बिमारियो के बचाव के लिए फोगिंग सहित अन्य कार्य करवाये जा रहे है। शिविर के दौरान स्थानीय पार्षद के अलावा अन्य पार्षद, राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित आमजन मौजूद रहे।

### नव निर्मित कक्षा कक्ष, शौचालय का किया लोकार्पण

**निवाई।** नगर पालिका मंडल द्वारा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कानूनगो,निवाई में नवनिर्मित दो कक्षा कक्ष,शौचालय, सीसी सडक़ व रंग रोगन कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन दिलीप ईसरानी ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा निवाई रहे। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा कि निवाई नगर पालिका ने निवाई शहर में विकास करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।आगे भी निवाई शहर के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। कार्यक्रम में मदन लाल वर्मा,बाबूलाल माली, अंकुर गुप्ता, प्रमिला खंडेलवाल, केदार चौधरी,नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहर लाल जाट, सीबीईओ मंजू मीणा, प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह, प्रधानाध्यापक कौसर सुल्ताना,मीनाक्षी मीणा,कल्पना सांख्यधर,कैलाश देवी, लालचंद सैनी व राजू मनिहार सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने दो कक्षा कक्ष विधायक मद से बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम में स्थानीय शाला की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किये

**दौसा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजीलाल ओड़ ने वोट चोर-गद्दी छोड अभियान के तहत चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान के ब्लॉक संयोजक मनोनीत किये है।जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता महेश डोलिका ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा एवं हस्ताक्षर अभियान प्रभारी हरसाहय यादव की सहमति के बाद सिकराय ब्लॉक का हस्ताक्षर प्रभारी डौ ओ. पी. बैरखा, विक्रम मीना, बादीकुई ब्लॉक का शिवराम मीना, बनवारीलाल चादर, महवा का सुलतान बैखा, कप्तान सिंह डोई तथा दौसा ब्लॉक का हस्ताक्षर प्रभारी रामचरण रलावता, महेश डोलिका को मनोनीत किया गया है।

### 19 से 21 सितम्बर तक इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का आयोजन

**अलवर ।** भिवाड़ी जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रशासन खैरथल-तिजारा एंव लघु उद्योग भारती के तत्वाधान में 12वाँ इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2025 का आयोजन 19 से 21 सितम्बर 2025 तक किया जाएगा। यह फेयर प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 7 बजे तक एग्जीबिशन ग्राउंड, अरावली विहार आरएचबी, भिवाड़ी में आयोजित होगा उद्घाटन कार्यक्रम 19 सितम्बर को प्रात: 10 बजे केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। फेयर के दौरान प्रतिदिन वेंडर डेवलपमेंट और तकनीकी विषयों पर सरकारी विभागों एवं विषय-विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।



आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट भारतीय टीम के फेवरेट हैं। जब भी मैं टॉस की मेजबानी करता हूं, तो वह हमेशा वहां मौजूद रहते हैं। – रमीज रजा

पाक खिलाड़ी, मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को लेकर भारत पर लगया आरोप, सूर्यकुमार यादव को लेकर कही ये बात।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ ब्योर्न बोर्ग



**टेनिस** के दिग्गज ब्योर्न बोर्ग ने कहा है कि ''बेहद आक्रामक'' प्रोस्टेट कैंसर का पता चलने के बाद, वह ''दिन-ब-दिन, साल-दर-साल'' इस बीमारी से लड़ रहे हैं। 69 वर्षीय बोर्ग ने अपनी आत्मकथा के अंतिम अध्याय में इस खबर की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी बीमारी ''अपने सबसे उन्नत चरण'' में है, लेकिन वह ''हर दिन विंबलडन फाइनल की तरह लड़ेंगे''। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ब्योर्ग ने 25 साल की उम्र में अप्रत्याशित रूप से संन्यास लेने से पहले 11 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते थे, जिनमें लगातार पांच विंबलडन खिताब भी शामिल हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एशिया कप के इतिहास में 1984 और 1988 में भारत ने शुरुआती जीत दर्ज की हैं। 1995 और 2000 में पाकिस्तान ने वापसी करते हुए भारत को हराया।

## कौन होगा बीसीसीआई का नया अध्यक्ष अमित शाह के साथ मीटिंग में होगा साफ



नई दिल्ली, 18 सितंबर। भारतीय क्रिकेट के लिए 28 सितंबर को बड़ा दिन है। क्योंकि इस दिन बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारियों का चुनाव होना है। सबसे बड़ा मुद्दा अध्यक्ष पद को लेकर है। क्योंकि रोजर बिन्नी का कार्यकाल खत्म हो चुका है और अब अंतरिम चेयरमैन राजीव शुक्ला हैं। रिपोर्ट के मुताबिक,20 सितंबर को दिल्ली में सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों के साथ बीसीसीआई के अधिकारियों की मीटिंग होनी है। इसी दिन फैसला हो जाएगा कि कौन अगला चेयरमैन होगा। हालांकि, ऐलान 28 सितंबर को होने की संभावना है। ये अनौपचारिक बैठक गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर होगी, जहां बीसीसीआई के अगले नेतृत्व की अंतिम रुपरेखा तय होने की उम्मीद है। 2022 में भी इसी तरह की एक बैठक में पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने तत्कालीन बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली पर पिछले तीन सालों के उनके प्रदर्शन को लेकर तीखी अलोचना की थी। गांगुली उस समय एक और कार्यकाल के लिए बीसीसीआई के चेयरमैन पद पर बने रह सकते थे, लेकिन बैठक में अंततः रोजर बिन्नी को इस पद के लिए चुना गया। गांगुली को उस बैठक में फिर से आमंत्रित किया जाएगा या नहीं, ये केवल अनुमान का विषय है। लेकिन अटकलें अभी भी उनके और उनके पूर्व साथी हरभजन सिंह के नाम को लेकर हैं। कर्नाटक के पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर रघुराम भट्ट के बारे में भी कुछ चर्चा हुई है। इसके अलावा पूर्व भारतीय विकेटकीपर किरण मोरे का नाम भी लिस्ट में शामिल है। जिनको बीसीसीआई अध्यक्ष पद की कुर्सी मिल सकती है। किरण मोरे भले ही एजीएम में शामिल प्रतिनिधियों में शामिल न हों, लेकिन इसके लिए भी प्रावधान है।

## एशिया कप 2025 : सुपर-4 में टकराएंगे भारत-पाक



नई दिल्ली, 18 सितंबर। भारत के बाद अब पाकिस्तान टीम भी एशिया कप 2025 के सुपर-4 में पहुंच गई है। अपने आखिरी ग्रुप मैच में पाकिस्तान की भिड़ंत यूएई से थी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर ये मुकाबला खेला गया, जिसे पाकिस्तान ने अपने नाम कर लिया। अब 20 सितंबर से एशिया कप 2025 के सुपर राउंड की शुरुआत होने वाली है।

### भारत बनाम पाकिस्तान

एशिया कप की 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया था। दोनों ग्रुप से टॉप- 2 टीम को सुपर-4 में जगह मिलेगी। वहां सभी चार टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। भारतीय टीम सुपर-4 के अपने पहले ही मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ये मुकाबला 21 सितंबर को खेला जाएगा। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर भारतीय समय अनुसार रात 8 बजे इस मुकाबले की शुरुआत होगी। ये सुपर-4 में पाकिस्तान का भी पहला ही मैच होगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को भी मुकाबला हुआ था। ग्रुप ए में रहने की वजह से दोनों टीमों की टक्कर हुई थी। दुबई में खेले गए उस मुकाबले को भारत ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए सिर्फ 127 रन बनाए। उनके बल्लेबाजों के पास भारत की स्पिन गेंदबाजी का कोई जवाब ही नहीं था। भारतीय टीम ने 16वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया था।

वहीं एशिया कप 2025 का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। इस मैच में भी भारत और पाकिस्तान की टक्कर हो सकती है। सुपर-4 में टॉप-2 पर रहने वाली टीमो के बीच एशिया कप का फाइनल होगा। अभी तक ग्रुप बी से सुपर-4 में जगह बनाने वाली टीमों का नाम पक्का नहीं हो पाया है। बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका में से कोई दो अगले राउंड में पहुंचेंगी। भारतीय टीम सुपर-4 के अपने दो अन्य मुकाबले 24 और 26 सितंबर को खेलेगी।

## ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल ने भारतीय पारी को संभाला

लखनऊ, 18 सितंबर। ध्रुव जुरेल (नाबाद 113) और देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 86) रनों की जुझारू पारियों के दम पर भारत ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनधिकृत टेस्ट मैच का तीसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक चार विकेट पर 404 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी ऑस्ट्रेलिया ए के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 129 रन पीछे है। भारत ए टीम ने कल के एक विकेट पर 116 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में भारत का दूसरा विकेट नारायण जगदीशन (64) के रूप में गिरा। उन्हें जेवियर बार्टलेट ने विकेटकीपर जॉश फिलिपे के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने साई सुदर्शन के साथ तीसरे विकेट लिये 76 रन जोड़े। कूपर कॉनली ने साई सुदर्शन (73) को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर आठ रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने देवदत्त पड़िक्कल के साथ अविजित 181 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ए ने चार विकेट पर 404 रन बना लिये है और ध्रुव जुरेल (नाबाद 113) तथा देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 86) क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए जेवियर बार्टलेट, कोरी रॉकीचॉली, लियन स्कॉट और कूपर कॉनली ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 532 के स्कोर पर घोषित कर दी थी।

## सिंधु, सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में

शेनझेन, 18 सितम्बर। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी ने गुरूवार को केवल 33 मिनट में सीधे गेमों में चीनी ताइपे के चियु सियांग चीह और को 21-13, 21-12 से पराजित किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा। पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 16 में वर्ल्ड नंबर 6 थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार ने शेनझेन एरिना, शेनझेन में 41 मिनट में 21-15, 21-15 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

## मेफेयर पोलो और अरावली पोलो टीमें जीती

जयपुर, 18 सितम्बर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर अरावली पोलो टीम ओर जयपुर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें अरावली पोलो टीम ने जयपुर पोलो टीम को 3 के मुकाबले 9 गोल से हराया। जयपुर पोलो टीम की ओर से अंगद कलान ने 1, महाराज पद्मनाभ सिंह ने 2 गोल किए। अरावली पोलो टीम की ओर से दीप सिंह ने 3 ओर जोन मार्टिन, हुर्र अली ओर कुलदीप सिंह ने 2- 2 गोल किए। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर नेवी कानोता पोलो टीम ओर मेफेयर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें मेफेयर पोलो टीम ने नेवी कानोता पोलो टीम को 5 के मुकाबले 12 गोल से हराया। मेफेयर पोलो टीम की ओर से प्रणव कपूर ने 1, सवीर मेहराज, शमशीर अली ने 3- 3 गोल किए। बतिस्ता ने अपनी टीम के लिए 5 गोल कर जीत पक्की कर दी। नेवी कानोता पोलो टीम की ओर से प्रताप सिंह कानोता ने 1ओर गोंज़ालो यानज़ोन ओर सलीम ने 2- 2 गोल किए।

## रोहन राजभर, ओसनिक ग्रोवर, सोहन जैफ, धर्मवीर सैनी, पुखराज कुमार के शतक

जयपुर 18 सितम्बर, आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 23 प्रतियोगिता में में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में राज्य अंडर 23 प्रतियोगिता में जयपुर, उदयपुर, जालोर, भीलवाड़ा, राजसमंद, अजमेर, पाली, सीकर, बाड़मेर ,हनुमानगढ़, अलवर, श्रीगंगानगर, नागौर व सिरोही जीती। रोहन राजभर, ओसनिक ग्रोवर, सोहन जैफ, धर्मवीर सैनी, पुखराज कुमार के शतक। भुवन शर्मा, सचिन यादव, राहुल गर्ग, रौनक ग्रोव, मुकेश कुमार र का आल राउंडर प्रदर्शन। महेंद्र चौधरी, इमरान, हर्षित दक, हिमांशु नेहरा, नितिन गुप्ता, तनवीर कुमार, नयन मैडा की शानदार गेंदबाजी रही।

## एशिया कप के ड्रामे के बीच, एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

दुबई, 18 सितम्बर। पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय घटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक के दौरान बोर्डरूम में स्थानांतरित हो सकता है। एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम), जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितंबर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है।

एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर।

एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं - हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी - जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्घाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है।

यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितंबर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितंबर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई द्वारा इस प्रक्रिया का विरोध करने के बाद ढाका में यह मामला अनसुलझा रह गया था। इस बार, चुनाव होगा, जिसमें अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के महासचिव मुबाशिर उस्मानी के दावेदार होने की उम्मीद है।

एसीसी एजीएम को देखते हुए, आईएलटी20 के आयोजकों ने इसकी नीलामी स्थगित कर दी है। यह 30 सितंबर को दुबई में होनी थी और अब इसे 1 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दिया गया है और दुबई ही इसका आयोजन स्थल रहेगा।

## भारत आखिरी ग्रुप मैच में ओमान से भिड़ेगा

अबु धाबी, 18 सितंबर। भारत शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप टी20 के ग्रुप-ए के आखिरी मुकाबले में ओमान से भिड़ेगा, जो शाम के अंधेरे में मंडराता हुआ बाघ है। सुपर 4 का टिकट पहले ही उनकी जेब में है।

गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है - पहले यूएई को रनों से भिगोया, फिर सात विकेट शेष रहते पाकिस्तान को धूल चटाई। अब वे तीन में से तीन जीत के कगार पर हैं और आगे की कड़ी टक्कर से पहले अपने पंजे तेज करने को बेताब हैं।

शीर्ष क्रम में, युवा अभिषेक शर्मा एक धधकते धूमकेतु की तरह बल्लेबाजी कर रहे हैं, जिससे पावरप्ले में भारत को रॉकेट जैसा ईंधन मिल रहा है। शुभमन गिल की विलो ने जहाज को स्थिर पतवार की तरह चलाया है, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने बीच के ओवरों में त्योहार की रोशनी जैसे चमकदार स्ट्रोक लगाए हैं। उनके पीछे संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल हैं - बेंच इतनी गहरी है कि अरब सागर को छू सकती है। गेंदबाजी में, कुलदीप यादव ने छल के जाल बिछाए हैं, वरुण चक्रवर्ती ने किसी जादूगर की तरह गेंदबाजी की है, और जसप्रीत बुमराह भारत के शस्त्रागार में वज्रपात की तरह हैं। दो भारी हार के बाद पहले ही बाहर हो चुका ओमान, उम्मीदों से भरे दिल के साथ एक कमजोर टीम के रूप में उतरेगा। कप्तान जतिंदर सिंह, अगर अपनी लय फिर से हासिल कर लेते हैं, तो जोश भर सकते हैं, जबकि आमिर कलीम और शाह फैसल को अपनी टीम को बचाए रखने के लिए अपनी क्षमता से ज्यादा प्रदर्शन करना होगा। शेख जायद की पिच बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होने का वादा करती है - शुरुआत में स्ट्रोक बनाने वालों के लिए अच्छी, और जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा।

## देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 18 सितम्बर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 280 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं। नभय अग्रवाल ने 72, कौशलेंद्र ने 67 और दिवित ने 50 रनों का योगदान दिया। वर्धमान क्रिकेट अकादमी की ओर से मनीष ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वर्धमान क्रिकेट एकेडमी 24 ओवर में 51 रन पर ऑल आउट हो गई। देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी की ओर से जयदीप यादव ने 3, यशवर्धन सक्सेना ने 3 और पुनीत सिंह ने दो विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच कौशलेंद्र को चुना गया।

## नीरज आठवें, सचिन यादव चौथे, वाल्कॉट ने जीता स्वर्ण





टोक्यो, 18 सितम्बर। गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भाला फेंक फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन किया। 84.03 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ वह आठवें स्थान पर रहे। सचिन यादव 86.27 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद चौथे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम का प्रदर्शन भी उतना ही खराब रहा, उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.75 मीटर रहा और वह 10वें स्थान पर रहे।

इससे पहले, चोपड़ा, जिन्होंने इस सीजन में पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था, ने क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान 84.85 मीटर के एक थ्रो के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। चोपड़ा का क्वालीफिकेशन प्रदर्शन लगातार पांचवां ऐसा मौका है जब उन्हें फाइनल में पहुंचने के लिए सिर्फ़ एक प्रयास की जरूरत पड़ी। इससे पहले उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक, 2022 और 2023 विश्व चैंपियनशिप, और 2024 पेरिस ओलंपिक में एकल-थ्रो के साथ क्वालीफाई किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर भी अपने दूसरे प्रयास में स्वतः योग्यता अंक प्राप्त करके फाइनल में पहुंच गए। वेबर ने 82.29 मीटर थ्रो से शुरुआत की और फिर 87.21 मीटर तक पहुंच गए। भारत के सचिन यादव और पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यादव ने तनावपूर्ण प्रतीक्षा के बाद बमुश्किल फाइनल में जगह बनाई, जबकि नदीम ने अपने अंतिम प्रयास में अपना स्थान पक्का किया। पेरिस 2024 में नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक जीता। लेकिन विश्व चैम्पियनशिप में दोनों के लिए स्थिति निराशाजनक रही।

त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट का 83.00 मीटर के अपने अंतिम प्रयास से पहले ही विश्व चैंपियन बनना तय हो गया। 2012 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता वाल्कोट 88.16 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चैंपियन हैं, जो उनके सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता।

यूएसए के कर्टिस थॉम्पसन ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। उनके और अमेरिकी एथलेटिक्स के लिए यह एक बड़ा क्षण है क्योंकि इससे एक दशक से भी ज्यादा पुराना सूखा खत्म हुआ।

## मून ने महिला पोल वॉल्ट में बरकरार रखा अपना खिताब

टोक्यो, 18 सितंबर। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बुधवार को जापान नेशनल स्टेडियम में एक और दिन शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका की केटी मून ने महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा और इटली के मटिया फुरलानी ने पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में खिताब जीता। 34 वर्षीय मून ने अपने अंतिम प्रयास में 4.90 मीटर की छलांग लगाकर लगातार तीसरी बार विश्व महिला पोल वॉल्ट खिताब जीतकर अपनी विरासत को और मजबूत किया। चार साल पहले इसी स्थान पर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने हमवतन सैंडी मॉरिस को हराया था, जिन्होंने 2017 के बाद से अपना चौथा विश्व चैंपियनशिप रजत पदक 4.85 मीटर की छलांग लगाकर जीता। स्लोवेनिया की टीना सुतेज ने 4.80 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता।

## वेस्टइंडीज ने नेपाल दौरे के लिए टीम की घोषणा की

एंटीगा, 18 सितंबर। वेस्टइंडीज ने इस महीने शारजाह में नेपाल के साथ होने वाली तीन अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला के दौरान कैरेबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। इनमे कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स शामिल है।

इस श्रृंखला में स्पिनर अकील होसेन कप्तान के रूप में टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि नियमित खिलाड़ी फैबियन एलन, जेसन होल्डर और काइल मेयर्स 27 सितंबर से शुरू होने वाले तीन मैचों के दौरान टीम का समर्थन करेंगे। इस श्रृंखला के दौरान पांच खिलाड़ी बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की कतार में हैं।

वेस्टइंडीज क्रिकेट के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने टीम के चयन को लेकर कहा कि यह श्रृंखला टीम को अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले प्रभावित करने के अवसर प्रदान करेगी। नेपाल दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम इस प्रकार है:- अकील होसेन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, एकीम अगस्टे, नवीन बिडाइसे, जेडीया ब्लेड्स, कीसी कार्टी, करीमा गोर, जेसन होल्डर, अमीर जांगू, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, ज़िशान मोटारा, रेमन सिमंड्स, शमर स्प्रिंगर।

## मिलानो कॉर्टिनो 2026 के लिए 85% स्टेडियम तैयार : आईओसी

जिनेवा, 18 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) समन्वय आयोग ने कहा कि मिलानो कॉर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए 85 प्रतिशत आयोजन स्थल तैयार हैं। मिलान, कॉर्टिना, वाल्टेलिना, फिएमे घाटियों और वेरोना में शीतकालीन ओलंपिक छह से 22 फरवरी 2026 तक होंगे, इसके बाद छह से 15 मार्च तक पैरालिंपिक का आयोजन होगा। समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्रिस्टिन क्लोस्टर ने बुधवार को आयोग के छठे और अंतिम दौरे के बाद मिलान में संवाददाता सम्मेलन में कहा, लगभग 85 प्रतिशत आयोजन स्थल पहले से ही मौजूद हैं। अगर हम आंकड़ों पर सटीक नजर डालें, तो ये खेल भी प्रभाव डाल रहे हैं। उत्साह बढ़ रहा है और अब तक के काम पर हमें गर्व है। कॉर्टिना में स्लाइडिंग सेंटर उम्मीदों से बढ़कर है। मिलान ओलंपिक विलेज पूरी तरह से तैयार है और आठ लाख से अधिक टिकटों की बिक्री राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उत्सुकता को दर्शाती है। अगले महीने का ध्यान जागरूकता बढ़ाने, प्रशंसकों को जोड़ने और खेलों से पहले होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों और उपलब्धियों को बढ़ावा देने पर होगा। हम अब परिचालन तैयारी के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें खेलों के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण कार्यक्रम और सिमुलेशन कार्यक्रम निर्धारित हैं।

## सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ चुनाव को लेकर फिर विवाद, फर्जी साइन से हुए चुनाव



जयपुर, 18 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सियासी घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के चुनाव को लेकर कोर्ट में दायर हुई याचिका के बाद अब जिला क्रिकेट संघ के मौजूदा पदाधिकारियों ने पूर्व में हुए चुनाव को फर्जी बताते हुए पूर्व कार्यकारिणी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के जॉइंट सेक्रेटरी जितेंद्र उपाध्याय ने गुरुवार को आरोप लगाते हुए कहा है कि साल 2018 में सवाई माधोपुर हुए संघ के चुनाव में फर्जी साइन और दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से मनोनीत सदस्य भवानी सिंह के फर्जी हस्ताक्षर करके चुनाव करवाया गया। जिसके खिलाफ जिला क्रिकेट संघ पुलिस में शिकायत दर्ज करेगा। इस पूरे मामले से चर्चा में आए भवानी सिंह ने कहा कि मेरे नाम का दुरुपयोग किया गया है। मेरे फर्जी साइन करवाकर चुनाव करवाए गए। मेरे नाम का एक शपथ पत्र भी दिया है। जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा।

बता दें कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीन दयाल कुमावत फिलहाल सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ से पदाधिकारी है। जिसको लेकर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। ऐसे में एडहॉक कमेटी के एक्सटेंशन से पहले हुए इस विवाद का असर अगले कुछ दिनों में एडहॉक कमेटी के पदाधिकारियों पर भी नजर आ सकता है।

## पीकेएल-12 : 18वें मिनट में समाधी की चार अंक की रेड ने बंगाल वारियर्स पर जयपुर पिंक पैंथर्स की जीत पक्की की



जयपुर, 18 सितंबर। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 39वें मुकाबले के 18वें मिनट तक बंगाल सिर्फ चार अंक से पीछे थे। देवांक मैट पर नहीं थे और इस लिहाज से बंगाल के लिए मुश्किल के पल थे। वापसी की संभावना थी लेकिन अली समाधी ने चार अंक की रेड के साथ 45-41 के अंतर से जयपुर की जीत पक्की कर दी।

जयपुर को सात मैचों में चौथी जीत दिलाने में नितिन (13) और समाधी (12) की अहम भूमिका रही। बंगाल के लिए देवांक (16) ने भी सुपर-10 लगाया और आशीष (6) ने हाई-5 लगाया। बंगाल वापसी कर सकती थी लेकिन समाधी की रेड ने उसका काम तमाम कर सात मैचों में पांचवीं हार को मजबूर किया। देवांक ने आर्यन को आउट कर सबसे तेजी से 400 रेड प्वाइंट लाने का रिकार्ड बनाया लेकिन नितिन ने मल्टीप्वाइंटर के साथ बंगाल की खुशी थोड़ी कम कर दी। अगली रेड पर वह हालांकि लपक लिए गए। समाधी ने हालांकि मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद देवांक ने दो अंक की रेड के साथ बंगाल को फिर आगे कर दिया। फिर समाधी का शिकार कर बंगाल ने लीड दोगुनी कर दी। जयपुर ने हालांकि सुपर टैकल की स्थिति में देवांक को लपक स्कोर 5-6 कर दिया।

जयपुर ने देवांक को लपक आलआउट के साथ 15-9 की लीड ले ली। बीते पांच मिनट में जयपुर ने 3 के मुकाबले 11 अंक लिए। आलइन के बाद बंगाल ने दो अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी। जयपुर ने लगातार दो बार देवांक को लपक हिसाब बराबर किया। इधर, नितिन लगातार अंक ले रहे थे। जयपुर ने जल्द ही 20-13 की लीड ले ली। नितिन ने 12वीं रेड में सुपर-10 पूरा कर बंगाल को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। नितिन ने अगली रेड पर बंगाल को आलआउट की ओर धकेला लेकिन विश्वास ने उसे बचा लिया। हाफटाइम तक जयपुर 24-18 से आगे थे। ब्रेक के बाद जयपुर ने आलआउट लेते हुए 27-19 की लीड ले ली। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए। फिर समाधी ने चार अंक की रेड के साथ जयपुर की जीत पक्की कर दी। इसके बाद बंगाल की टीम जयपुर के काफी करीब आई लेकिन समाधी के चार अंक की रेड के कारण तीन अंकों से हार को मजबूर हुई।

## जयपुर में प्रतिष्ठित आईएसएसओ नेशनल गेम्स 2025-26 का हुआ आगाज



जयपुर, 18 सितंबर। जयपुर में प्रतिष्ठित आईएसएसओ नेशनल गेम्स 2025-26 का गुरुवार (18 सितंबर) से आगाज हुआ। भव्य उद्घाटन समारोह के साथ इस पांच दिवसीय रोमांचक खेल प्रतिस्पर्धाओं की शुरुआत हुई। यह मंच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवा खेलों की भावना को बढ़ाने का एक प्रमुख अवसर है। 22 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता की मेजबानी जयपुर स्थित जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल कर रहा है। इस वर्ष, जेपीआईएस ने तीन रोमांचक श्रेणियों-अंडर-19 बालक फुटबॉल, अंडर-17 बालक बास्केटबॉल और अंडर-17 बालिका बास्केटबॉल - की मेजबानी का दायित्व संभाला है, जो कौशल, जोश और खेल कौशलों का शानदार प्रदर्शन करने का वादा करती हैं। भारत और विदेश के 50 से अधिक अग्रणी विद्यालयों से आए 1000 से अधिक छात्र-खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ यह प्रतियोगिता कड़ी प्रतिस्पर्धा और असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की बांसवाड़ा यात्रा की तैयारी पर निर्देश दिये

## प्रधानमंत्री 25 सितंबर को माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास करेंगे

जयपुर, 18 सितंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा से देश को एक लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाएं समर्पित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास भी करेंगे, जो राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शर्मा ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों को लेकर सभी विभागों को समन्वय से काम कर समय पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा जैसे सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस और उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरूवार को उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को समय पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, नगर निकायों और ग्राम पंचायतों तक किया जाएगा, ताकि

- **प्रधानमंत्री बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत तथा उदयपुर-चंड़ीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सफलता के लिए, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, यातायात, पार्किंग व सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।**

अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक अवसर से जुड़ सकें।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उदयपुर संभागीय आयुक्त और बांसवाड़ा जिला कलेक्टर वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# प्र.मंत्री मोदी ने नेपाल की प्र.मंत्री कार्की से बात की

नई दिल्ली, 18 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना

- **प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी।**

व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही, मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

यह बातचीत, 8 सितंबर को हिंसक झड़पों और विरोध प्रदर्शनों की वजह से संसद भंग होने के बाद सुशीला कार्की की ओर से नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद हुई है। इससे पहले मंगलवार को नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सिंह दरबार स्थित सुशीला कार्की से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की थी। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए पोस्ट के अनुसार, बैठक के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में कार्की की नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बधाई संदेश दिया।

# राज्य कर विभाग ने विश्वकर्मा में 9.59 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी पकड़ी

## फर्जी चालान तथा ई-वे बिल से खरीद दिखाने वाला मास्टर माइंड महेन्द्र खंडेलवाल गिरफ्तार

जयपुर, 18 सितंबर। राज्य कर विभाग के मुख्य आयुक्त कुमार पाल गौतम के निर्देशन में, राज्य में पनप रहे बोगस, फेक फर्मो तथा कारोबारियों पर राजस्व क्षति रोकने के लिए प्रवर्तन शाखा प्रथम की टीम द्वारा राजधानी जयपुर स्थित विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीयल एरिया की आयरन एवं स्क्रेप कारोबार में संलिप्त दो फर्मों, बाबा मैटल्स तथा खण्डेलवाल एण्टरप्राईजेज पर एक साथ सर्च/सर्वे की कार्यवाही की गई।

मुख्य आयुक्त राज्य कर विभाग ने बताया कि कार्यवाही से पूर्व विभाग ने जीएसटी पोर्टल पर दोनों फर्मों के खरीद फरोख्त संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया तथा अपने गुप्त स्त्रोतों से इन फर्मों की व्यापारिक गतिविधियों की सूचना जुटाई गयी। कार्यवाही के दौरान पाया गया कि दोनों फर्मों का संचालन एक मास्टरमाइंड महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा किया जा रहा है। विभागीय जांच में स्पष्ट हुआ कि महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा अपनी दोनों फर्मों में कूटरचित बोगस बिलों के आधार पर कुल 53 करोड़ 27 लाख रूपये की खरीद दिखाकर 9करोड़ 59 लाख रूपये की राजस्व हानि की गई है। मास्टरमाइंड महेन्द्र खण्डेलवाल सुनियोजित योजना के तहत, राज्य के बाहर स्थित आयरन एवं स्क्रेप के बोगस कारोबारियों से संबंध स्थापित किये तथा दिल्ली, उत्तरप्रदेश, आगरा स्थित बोगस फर्मो से बिलों की खरीद कर अनुचित आगत कर (आईटीसी) का लाभ लेकर

- **मास्टर माइंड महेन्द्र खंडेलवाल ने अपनी दो फर्मों में कूटरचित बोगस बिलों के आधार पर कुल 53 करोड़ 27 लाख रूपये की खरीद दिखाकर 9 करोड़ 59 लाख रूपयों की राजस्व हानि की।**

राजस्व की हानि की।

उन्होंने बताया कि जब विभाग ने इन फर्मो में माल की खरीद के लिए निर्मित ई-वे बिलों की गहनता से पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। ई-वे बिल में जिन वाहनों का नम्बर दर्ज किया गया था। उन वाहनों का फर्मो के घोषित व्यवसाय स्थल, गोदाम आदि पर आगमन होना नही पाया गया। यहीं नही इनमें से कई वाहनो का संचालन तो राज्य के बाहर अन्यत्र होना पाया गया। इस प्रकार मास्टरमाइंड महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा आगत कर दुरूपयोग (आईटीसी मिसयूज) की सोची समझी रणनीति के तहत माल की वास्तविक आपूर्ति प्राप्त किये बिना ही कूटरचित ई-वे बिलों का निर्माण किया गया और केवल कागजी संव्यवहार के द्वारा बोगस बिलों से खरीद दिखाकर मिथ्या आगत कर का लाभ प्राप्त कर राजस्व की क्षित कारित की है।

कुमार पाल गौतम ने बताया कि सर्च कार्यवाही के पश्चात् बोगस कारोबारी महेन्द्र खण्डेलवाल विभाग को चकमा देकर एकाएक भूमिगत हो गया। मास्टरमांइड ने अपना मोबाइल फोन बन्द कर लिया और रोज नये ठिकाने बदलता रहा। विभाग के बार-बार सम्मन जारी करने पर भी पेशी पर उपस्थित नही हुआ। जिस पर मुख्य आयुक्त के सुपरविजन में प्रवर्तन शाखा प्रथम की टीम गठित की गई और मास्टरमाइंड के सभी संभावित ठिकानों, रिश्तेदारो के घरों पर राउण्ड दा क्लॉक हुलिया बदलकर रैकी करवायी गयी। टीम के कई सदस्य बोगस ग्राहक बनकर आयरन एवं स्क्रेप कारोबारियों से सम्पर्क करते रहे। इसी बीच, टीम को अपने गुप्त स्त्रोतों से किसी सामाजिक कार्यक्रम में मास्टरमाइंड के उपस्थित होने के सूचना मिली, जिस पर टीम के दो सदस्य कैटरिंग वाले बनकर कार्यक्रम में शामिल हो गये और बाकी टीम को सूचित कर अभियुक्त महेन्द्र खण्डेलवाल को आरजीएसटी/सीजीएसटी एक्ट 2017 के प्रावधानों के तहत 9करोड़ 59 लाख रूपये की राजस्व चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर आर्थिक अपराध न्यायालय में पेश किया गया। अभियुक्त को 29 सितंबर तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण की गहनता से जाँच की जा रही है।

# सीवर की ''मैनुअल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। मेरा मत है कि जुर्माना संबंधित अधिकारियों से वसूला जाए और वे बताएं कि निर्देशों का पालन क्यों नहीं हुआ।

सरकार ने जवाब में कहा कि यह केवल ओपन ड्रेनेज का डीसिल्टिंग कार्य था, जिसमें कोई जहरीली गैस नहीं होती, और इसलिए यह मैनुअल स्कैवेंजिंग की परिभाषा में नहीं आता। न्यायमित्र ने सरकार द्वारा किए गए इस बचाव पर हैरानी जताई।

पी.डब्ल्यु.डी. के वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह दावा किया कि यह केवल ढके हुए नालों की सिल्ट निकासी का कार्य था, जिसे आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा था, इसलिए अधिकारियों की कोई गलती नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इसके बावजूद, ठेकेदारों को सुधारात्मक कदम उठाने के लिए 17 मई 2025, 17 अगस्त 2025 और 21 अगस्त 2025 को पत्र जारी किए गए हैं। पी.डब्ल्यु.डी. ने यह भी कहा कि खुले नाले की सफाई के लिए श्रमिकों को नियुक्त नहीं किया गया था और वे मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से गंदगी साफ करने) में संलग्न नहीं थे, इसलिए 2013 के अधिनियम के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने कहा, इस चरण पर, हम एफआईआर दर्ज करने से फिलहाल परहेज़ कर रहे हैं, क्योंकि अभी तक कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि न तो अधिकारी और न ही उनके द्वारा नियुक्त ठेकेदार किसी भी श्रमिक को बिना सुरक्षा उपकरणों के नाले, साफ पानी की नाली या सीवर में प्रवेश करने दें। मामले से जुड़ी याचिका में संलग्न फोटोग्राफ्स स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि ऐसा कार्य किया गया है। अत: इस कार्य के लिए लागत के रूप में 5 लाख का जुर्माना लगाना उचित होगा। इसलिए, हम निर्देश देते हैं कि पी.डब्ल्यु.डी. यह राशि चार सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के पास जमा करे।

हम यह भी स्पष्ट कर देते हैं कि केवल पी.डब्ल्यु.डी. ही नहीं, बल्कि अन्य संबंधित अधिकारियों को भी अब नींद से जागना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का शब्दश: और भावना सहित पालन किया जाए।

हम यह भी साफ़ शब्दों में चेतावनी देते हैं कि यदि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोहराई गई, तो इस न्यायालय को भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# कैबिनेट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिले फीडबैक का भी विश्लेषण किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से सरकार आमजन से सीधा संवाद कर रही है और योजनाओं की जमीनी हकीकत समझने का प्रयास कर रही है।

इसके अतिरिक्त, राज्य में ऊर्जा संयंत्रों एवं ''राइजिंग राजस्थान'' सम्मेलन के तहत हुए विभिन्न करारों को मूर्त रूप देने के लिए भू आवंटन और रियायतों से जुड़ी नीतियों पर भी चर्चा संभव है। सरकार इन निवेश प्रस्तावों को जल्द से जल्द अमल में लाने की दिशा में सक्रिय है। कैबिनेट बैठक में सेवा नियमों में संशोधन जैसे प्रशासनिक विषयों पर भी विचार किया जा सकता है। इनमें कर्मचारियों से जुड़े नियम, प्रोन्नति, स्थानांतरण और नियुक्तियों से संबंधित बदलाव शामिल हो सकते हैं।

सरकार की यह कैबिनेट बैठक कई अहम निर्णयों का आधार बन सकती है, जिससे राज्य के विकास और प्रशासनिक सुधारों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# मुस्लिम द्वारा मैसूर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

न्यायाधीश बी. आर. गवई के समक्ष उल्लेखित किया गया, क्योंकि उद्घाटन कार्यक्रम 22 सितंबर को होना है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए मामला सूचीबद्ध किये जाने के लिये सहमति दे दी।

15 सितंबर को, कर्नाटक उच्च न्यायाल के मुख्य न्यायाधीश विभु बखरू और न्यायमूर्ति सी. एम. जोशी की खंडपीठ ने उन याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि बानू मुश्ताक की उपस्थिति से लोगों की भावनाएं आहत होंगी, क्योंकि उन्होंने पहले ''हिंदू विरोधी'' बयान दिए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मुश्ताक एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं तथा इस प्रकरण में संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में दी गई गारंटी आहत नहीं होती हैं। यह निर्विवाद है कि यह उत्सव हर वर्ष राज्य सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है और उद्घाटन के लिए किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को बुलाया जाता है। पूर्व में वैज्ञानिक, शिक्षाविद, लेखक, स्वतंत्रता सेनानी उद्घाटन कर चुके हैं। प्रतिवादी संख्या 4 (बानू मुश्ताक) एक प्रतिष्ठित लेखिका हैं और 2025 की ''बुकर पुरस्कार'' विजेता हैं। वे वकील और सोशल ऐक्टिविस्ट भी हैं।

कोर्ट ने यह भी कहा कि उन्होंने कई सार्वजनिक पदों पर कार्य किया है। वे हासन नगर परिषद की सदस्य, चामराजेंद्र अस्पताल विज़िटर्स बोर्ड की अध्यक्ष, राज्य पुस्तकालय प्राधिकरण की सदस्य, हासन जिला समता वेदिके और महिला विकास मंच की अध्यक्ष रह चुकी हैं। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ''किसी व्यक्ति का किसी विशेष धर्म का पालन करना और किसी अन्य धर्म के त्योहार में भाग लेना, भारतीय संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता।''

# 'मुझे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्हें वोट नहीं मिल रहे तो इसमें भाजपा का दोष नहीं है। पार्टी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार चुनाव हार रहे हैं और जनता द्वारा ठुकराए गए नेता हैं। उनकी बढ़ती हताशा ने उन्हें केवल झूठे और आधारहीन आरोपों की राजनीति तक सीमित कर दिया है।

तुरंत ही एक प्रेस क्रॉन्फ्रेंस बुलाकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ''बार-बार चुनाव हारने वाले, जनता द्वारा ठुकराए गए नेता, जिनके नेतृत्व में कांग्रेस लगभग 90 चुनाव हार चुकी है, उनकी हताशा और निराशा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस ने आरोपों की राजनीति को अपना गहना बना लिया है।'' ठाकुर ने आगे कहा कि जब चुनाव आयोग कांग्रेस से अपने ही लगाए गए आरोपों के सबूत मांगता है, तब वो पीछे हट जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की ''झूठे और निराधार आरोप लगाने की आदत'' हो गई है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी संविधान समझते हैं? उन्होंने कहा, वह सुप्रीम कोर्ट गए, कोर्ट ने निर्देश भी दिए। उन्होंने कोई कदम उठाया क्या? उन्हें न कानून समझ में आता है, न सुप्रीम कोर्ट के निर्देश।

इधर बिहार के रोहतास में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अगर गलती से भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बिहार के हर जिले में सिर्फ घुसपैठिए होंगे।

# सीबीआई ने अनिल अंबानी व राणाकपूर के खिलाफ चार्जशीट पेश की

नई दिल्ली, 18 सितंबर। सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ उद्योगपति समूह की कंपनियों आरसीएफएल और आरएचएफएल, यस बैंक और बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर के परिवार की कंपनियों के बीच कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन को लेकर गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि इन लेनदेनों से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने आरोपपत्र में संघीय एजेंसी ने कहा है कि अंबानी, अनिल धीरूभाई अंबानी (एडीए) समूह के अध्यक्ष और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक हैं, जो आरसीएफएल और आरएचएफएल की होल्डिंग कंपनी है। एडीए समूह की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं हो सकी।

अंबानी के अलावा, केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राणा कपूर, बिंदु कपूर, राधा कपूर, रोशनी कपूर, आरसीएफएल, आरएचएफएल (अब ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड), आरएबी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, ब्लिस हाउस प्राइवेट

- **यह कार्यवाही यस बैंक के 2796 करोड़ रु. के भ्रष्टाचार मामले के तहत की गई है**
- **जब यह घोटाला हुआ था तब राणाकपूर यस बैंक के सीईओ व प्रबंध निदेशक थे।**

लिमिटेड, इमेजिन हैबिटेट प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन रेसिडेंस प्राइवेट लिमिटेड और मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया है।

सीबीआई ने बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की शिकायत पर 2022 में यस बैंक के तत्कालीन प्रबंध निदेशक और सीईओ कपूर, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के खिलाफ दो मामले दर्ज किए थे।

# साध्वी प्रज्ञा सहित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फैसले को चुनौती दी है।

यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड की बेंच के समक्ष हुई। याचिका में कहा गया है कि जांच में हुई गलतियों या कुछ त्रुटियों के आधार पर आरोपियों को बरी नहीं किया जा सकता। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि विस्फोट की साजिश रचते समय गोपनीयता बरती गई थी, इसलिए प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं।

इससे पहले, 16 सितंबर को महाराष्ट्र के मालेगांव में साल 2008 में हुए विस्फोट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा था कि बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल करने का अधिकार हर किसी को नहीं है। यह अधिकार उन्हीं को है, जो ट्रायल में गवाह रहे हों या सीधे तौर पर पीड़ित पक्ष से जुड़े हों।

दरअसल, 31 जुलाई को विशेष एनआईए कोर्ट ने मालेगांव ब्लास्ट मामले के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया था। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित भी शामिल थे।

# 'अमेरिकन टैरिफ में जल्दी ही अच्छी खबर मिल सकती है'

नई दिल्ली, 18 सितंबर। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका के साथ शुल्क मुद्दों का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में हो जाएगा। रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय उत्पादों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है और माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में टैरिफ कम करने पर बात बन सकती है। कम से कम 25प्रतिशत अतिरक्त टैरिफ खत्म किया जा सकता है।(नागेश्वरन ने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में यहां कहा, दोनों सरकारों के बीच बातचीत चल रही है।

# चारधाम हैलिकॉप्टर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई थी। केन्द्र सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्वयं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ दिल्ली और देहरादून में इस मुद्दे पर कई दौर की वार्ता की। डीजीसीए ने मार्ग में आने वाले सभी हेलीपैड, हेलिकॉप्टरों और ऑपरेटरों की तैयारी की समीक्षा भी की थी। डीजीसीए चारधाम सेक्टर पर हेलिकॉप्टर उड़ाने वाले पायलटों के नियमित प्रशिक्षण और रूट चेक अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान, प्रतिकूल मौसम से निपटने और चालक दल से सदस्यों के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि सिर्फ इस सेक्टर पर पहले से क्वालिफाइड पायलट को ही लगाया जाना चाहिये।

यात्रा के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले सभी हेलिकॉप्टरों की गहन जांच करने और निर्माता द्वारा सुझाये गये मरम्मत शिड्यूल का सख्ती से पालन करने की हिदायत भी दी गयी है।

# 'मैं सभी धर्मों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। अनुपातहीन प्रतिक्रियाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह गंभीर भी है, क्योंकि टिप्पणियों को पूरी तरह से गलत जानकारी के साथ वायरल किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के नाम पर पूरी तरह से संदर्भ से बाहर बातें कही जा रही हैं।

उन्होंने कहा, ''किसी ने मुझे कल बताया कि मैंने जो टिप्पणी की थी, उसे सोशल मीडिया पर पेश किया गया है... मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूँ।''

# अब भारत को अपनी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गई है। अब तक, खराब अर्थव्यवस्था और कमजोर हालत के कारण पाकिस्तान हाशिए पर था।

भारत अब शायद और मजबूती से इज़रायल और रूस की तरफ झुक जाए। भारत को उस स्थिति के लिए भी तैयार रहना होगा, जिसमें इस्लामिक देशों का पूरा समूह भविष्य के किसी भी भारत-पाक संघर्ष में पाकिस्तान के साथ खड़ा हो जाए।

तथापि, सबसे बड़ी चिंता यह होगी कि भविष्य में अगर भारत और पाकिस्तान के बीच कोई संघर्ष होता है तो मध्य-पूर्व के देशों का वास्तविक रुख क्या होगा। उदाहरण के लिए, अगर भविष्य में पहलगाम जैसी कोई आतंकी घटना होती है, तो क्या भारत पहले से हमला करने का विकल्प अपने पास रख पाएगा? भविष्य के किसी संघर्ष में पाकिस्तान को सऊदी अरब का समर्थन भारत के लिए बड़ी परेशानी बन सकता है। सऊदी अरब की वित्तीय मदद का मतलब होगा कि पाकिस्तान संकट की स्थितियों से पहले से कहीं ज्यादा ताकत से निपट सकेगा। वैसे भी, सऊदी अरब कई वर्षों से पाकिस्तान को आर्थिक सहारा देता आया है।

पहले कदम के रूप में भारत के लिए समझदारी यह होगी कि वह रूस के साथ तेल और ऊर्जा स्त्रोतों के नेटवर्क की ओर और अधिक झुके। भविष्य में पाकिस्तान के साथ किसी संघर्ष में अगर सऊदी अरब पाकिस्तान का डिफैंस पार्टनर बनकर खड़ा हुआ तो वह भारत की तेल सप्लाई रोक सकता है। इसलिए

- **साउदी अरब व अन्य खाड़ी देशों से ऑयल की सप्लाई संदिग्ध हो सकती है। पाकिस्तान से अगले युद्ध में, अतः भारत को ऑयल के अन्य स्रोतों, जैसे रूस, ब्राज़ील, आदि से ज्यादा खरीद करनी होगी।**
- **भारत को अपनी औद्योगिक क्षमता में प्राइवेट पार्टियों को पूरा प्रवेश देना होगा। क्योंकि, प्राइवेट व सरकारी क्षमताओं का पूरा सहयोग ही भारत को स्वावलम्बी बना सकता है, सेना की ताकत को ''अपडेट'' रखने में और कोई विकल्प नहीं है।**

भारत को कहीं और से वैकल्पिक तेल और गैस आपूर्ति नेटवर्क तैयार करना चाहिए, भले ही लागत अधिक हो।

चाहे भारत को यह पसंद आए या नहीं, लेकिन उसे हथियारों और रक्षा सामग्री की सप्लाई के लिए इज़रायल के साथ और गहरे रक्षा संबंध बनाने पड़ सकते हैं। भारतीय और इज़रायली रक्षा कंपनियों को मजबूरन आपसी रिश्ते मजबूत करने होंगे।

इस घटनाक्रम के बाद, भारत को देश की रक्षा और सैन्य ढांचे से जुड़े सभी कार्यक्रमों को दोगुना करना होगा। खासकर, चीन द्वारा बीजिंग की सैन्य परेड में हथियारों और गोला-बारूद का विशाल प्रदर्शन करने के बाद, भारत के लिए अपनी रक्षा पर खर्च बढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है।

इसका मतलब है कि विकास और वृद्धि की पूरी रणनीति में बदलाव लाना होगा। भारत को अब अपना सैन्य-औद्योगिक ढांचा (मिलिटरी इण्डस्ट्रियल कम्बाइन) खड़ा करने की दिशा में तुरंत आगे बढ़ना चाहिए। वे दिन गए, जब देश सिर्फ विदेशों से हथियार और रक्षा उपकरण खरीदकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता था। अब इन्हें देश में ही बनाना होगा, ताकि रक्षा क्षेत्र की ज़रूरतों को उद्योग और निर्माण क्षेत्र की ताकत से पूरा किया जा सके।

यह केवल बेहतरीन कारें और उपभोक्ता सामान बनाने की बात नहीं है। इन्हें छोटे हथियारों से लेकर सबसे आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आधारित हथियारों तक की घरेलू निर्माण क्षमता से जोड़ना होगा।

ढिलाई के दिन अब खत्म हो चुके हैं। भारत अब तक सूचना प्रौद्योगिकी और उससे जुड़े क्षेत्रों में अपनी ताकत का बखान करता रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि हम अभी तक '' लो स्किल'' (कम कौशल वाले) और सुपरफिशियल सर्विसेज़ सैक्टर तक ही सीमित रहे हैं। भारत को अब अपने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस टूल्स और एआई आधारित क्षमताएं खुद विकसित करनी होंगी, जो उसे असली बढ़त दिला सकें।

# साउदी अरब का पाक को गुपचुप समर्थन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बार, पाकिस्तान, जो एकमात्र परमाणु शक्ति संपन्न इस्लामी राष्ट्र है, को अब सऊदी अरब से एक औपचारिक रक्षा गारंटी मिल गई है, जो न केवल वित्तीय रूप से बेहद शक्तिशाली देना है, बल्कि तेजी से अपने भू-राजनीतिक प्रभाव को भी बढ़ा रहा है। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यह समझौता सऊदी अरब को पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा छतरी तक पहुंच का मार्ग भी प्रदान कर सकता है, जो इस क्षेत्र के नाज़ुक शक्ति संतुलन के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है।

यह समझौता एक तनावपूर्ण पृष्ठभूमि में आया है। कुछ ही महीने पहले, पहलगाम में लश्कर-ए-तैयबा की शाखा ''द रेसिस्टेंस फ्रंट'' द्वारा 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। भारत ने जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पाकिस्तान व पीओके में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद पाकिस्तान ने प्रतिकार किया और दोनों देश टकराव की कगार पर पहुंच गए। इस संदर्भ में, सऊदी-पाकिस्तान संधि इस्लामाबाद को वह ''रणनीतिक भरोसा देती है जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी। रियाद के समर्थन से सशक्त महसूस करते हुए, पाकिस्तान कश्मीर या अन्य किसी मुद्दे पर भारत की सहनशीलता की परीक्षा लेने के लिए अधिक स्वतंत्र महसूस कर सकता है, क्योंकि वह जानता है कि अब उसका खाड़ी सहयोगी देश विधिक रूप से उसके पक्ष में खड़ा रहेगा। यह कदम सऊदी अरब, जो इस्लामी दुनिया में एक प्रभावशाली शक्ति है, को दक्षिण एशिया के अस्थिर संघर्षों में खींच सकता है।

भारत के लिए, यह समझौता एक दुविधा प्रस्तुत करता है। रियाद भारत का पाँचवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि नई दिल्ली सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा भागीदार है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, निवेश और भारतीय प्रवासी समुदाय जैसे क्षेत्रों में गहरे संबंध हैं। वर्षों से, भारत की विभिन्न सरकारों ने इस्लामाबाद के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद रियाद से संबंधों को सावधानीपूर्वक बनाए रखा है।

हालाँकि, यह समझौता भारत को एक मुश्किल स्थिति में डालता है। एक ओर, भारत एक महत्वपूर्ण ऊर्जा आपूर्तिकर्ता और आर्थिक भागीदार को नाराज़ नहीं कर सकता, वहीं दूसरी ओर, उसे इस कठोर सच्चाई का सामना करना

- **हाल ही में दोहा में हुए इस्लामिक देशों के शिखर सम्मेलन में नाटो जैसा सामरिक सैनिक ग्रुप बनाने के प्रस्ताव पर हुई बातचीत में शायद साउदी अरब-पाकिस्तान गठबंधन की नींव रखी गई थी।**
- **भारत, इस घटनाक्रम से विचलित है और इसीलिए अपने अधिकृत प्रेस नोट में भारत सरकार ने इस बात का उल्लेख किया है कि सरकार देश की सुरक्षा व हित के लिए सदा कटिबद्ध है।**

होगा कि सऊदी अरब, जिसे कभी भारत का निकटतम खाड़ी सहयोगी माना जाता था, अब पाकिस्तान की रक्षा के लिए विधिक रूप से बाध्य है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस पर बेहद सतर्क प्रतिक्रिया दी। ''हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक पारस्परिक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर की रिपोर्ट देखी है। सरकार को इस घटनाक्रम की जानकारी थी कि इस पर विचार चल रहा है। हम इस घटनाक्रम के हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर प्रभाव का अध्ययन करेंगे। भारत सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संतुलित प्रतिक्रिया के पीछे, साउथ ब्लॉक के अधिकारी स्वीकार करते हैं कि यह संधि इस्लामाबाद के लिए एक कूटनीतिक विजय है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ा, आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सद्भावना को एक ठोस सुरक्षा छतरी में बदल लिया है। इसका समय भी भारत के ऑपरेशन सिंदूर आउटरीच को प्रभावित करता है, जिसमें भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल सहित, भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संबंधों को रियाद जैसे प्रमुख भागीदारों के सामने उजागर करने की कोशिश की थी। दशकों तक, रियाद का इस्लामाबाद को सऊदी अरब का सैन्य समर्थन प्राय: अप्रत्यक्ष और लेन-देन आधारित था। लेकिन इस सप्ताह की संधि एक औपचारिक सैन्य गठबंधन की दिशा में निर्णायक बदलाव है। पाकिस्तान को यह प्रतिष्ठा और भारत के जवाबी हमलों के विरुद्ध एक ढाल प्रदान करता है। वहीं सऊदी अरब के लिए, यह संकेत है कि वह क्षेत्रीय भू-राजनीति में अब अधिक सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है, विशेष रूप से हाल ही में दोहा में हुई इस्लामी शिखर बैठक के बाद, जहाँ एक नाटो जैसे गठबंधन की चर्चा हुई थी। भारत के लिए, आगे का रास्ता कठिन रहेगा। उसे रियाद के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को बनाए रखना होगा, साथ ही एक अधिक आत्मविश्वासी और संरक्षित पाकिस्तान से निपटने की तैयारी भी करनी होगी।

''एकता और शांति'' की भाषा से सजे इस समझौते का असली संदेश स्पष्ट है,''अब इस्लामाबाद संकट की घड़ी में रियाद पर भरोसा कर सकता है। नई दिल्ली के लिए, यह न केवल एक कूटनीतिक झटका है, बल्कि दक्षिण एशिया की नाज़ुक सुरक्षा संरचना में एक नई दरार की शुरुआत है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908